श्रावण शुक्ल पक्ष-8, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 53 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

भोपाल
12 अगस्त 2024
सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
31 अधिकतम
24 न्यूनतम

Page- 7

हर घर तिरंगा अभियान की राजधानी से हुई उत्सवी शुरुआत

ओलंपियन के साथ मुख्यमंत्री ने थामा तिरंगा, महिला जनप्रतिनिधियों से संवाद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

आज राजधानी में मुख्यमंत्री मोहन यादव तिरंगा यात्रा के रंग में सराबोर नजर आए। उन्होंने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सुभाष नगर आरओबी से यात्रा की शुरूआत की। सावन की फुहार और देशभक्ति गीतों की धुन के बीच स्कूली बच्चे और खिलाड़ी तिरंगा लहराते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़ रहे थे । स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का रूप धरे स्कूली बच्चों, भारत माता के रूप में संपूर्ण गरिमा के साथ आगे बढ़ती छात्राएं और ओज पूर्ण धुन बजाते स्कूली बैंड से सुभाष नगर क्षेत्र का संपूर्ण वातावरण देशभक्तिमय हो गया। ट्रेकसूट पहने सीएम खुली जीप में सवार होकर हाथ में तिरंगा थामे चले तो पीछे कई युवा साइकिल सवार भी चले। बारिश में लोग डीजे की धुन पर नाचते-गाते रहे। इस मौके पर कई स्कूलों, कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी पहुंचे। यात्रा के स्वागत के लिए 101 मंच लगाए गए। हालांकि आज कामकाजी दिन होने की वजह से वाहनचालकों को खासी दिक्कतें हुई। यात्रा के कारण तीन ओर से ट्रैफिक बंद किया गया,जिससे जाम के हालात बने।

इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग,महापौर मालती राय, सांसद वी.डी. शर्मा तथा दो बार ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में मिडफील्डर विवेक सागर और शूटिंग में दो बार के ओलंपिक व अर्जुन अवार्डी ऐश्वर्या प्रताप सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। सीएम ने दोनों का सम्मान भी किया।

सावन के झूले पर सवार सीएम

निकायों की महिला जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा

मुख्यमंत्री निवास में आज देवी अहिल्याबाई होल्कर नगरीय महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम भी जारी है। इसमें मुख्यमंत्री यादव ने कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्र की सभी महिला जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है । प्रदेश भर की सभी महिला महापौर, सभापति, नगर पालिका व नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षद शामिल हैं।

कावड़ियों पर चलाई लाठी, भगदड़ में आठ मौतें

जहानाबाद। बिहार में जहानाबाद के सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में देर रात भगदड़ मचने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा 9 लोग घायल हैं। आज सुबह भी एक घायल ने दम तोड़ा। जहानाबाद डीएम अलंकृता पांडे ने कहा है कि मखदुमपुर में बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भगदड़ में लोगों की मौत हो गई। अब स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस के अनुसार, भारी भीड़ के बीच फूल की दुकान पर दुकानदार और कावड़यि के बीच झगड़ा हो गया। दुकानदार ने कावड़यि पर लाठी चला दी, जिसके बाद भगदड़ मच गई।

कोलकाता रेप कांड पर बवाल दिल्ली तक, डॉक्टरों की हड़ताल

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के विरोध में आज रेजिडेंट डॉक्टरों की देशव्यापी हड़ताल है। उनके देशव्यापी संगठन ने सभी सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर से हड़ताल का ऐलान किया है। आरडीए ने इमरजेंसी सेवाओं को चालू रखते हुए हड़ताल की बात पहले ही कह दी थी। इनकी मांग है कि मामले की सीबीआई जांच की जाए. देश भर के हॉस्पिटल में डॉक्टर की सिक्योरिटी सुनिश्चित की जाए। वहीं कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

NO SAFETY
NO DUTY

खरगे ने बुलाई पीसीसी अध्यक्षों की बैठक, कामकाज की समीक्षा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कल दिल्ली में सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और प्रभारी महासचिवों की बैठक बुलाई है। बैठक में राहुल गांधी के मौजूद रहने की भी संभावना है। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में खरगे प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के कामकाज की समीक्षा करेंगे। पिछले दिनों उन्होंने प्रदेशों में व्यापक तौर पर बदलाव के संकेत भी दिए थे।

गर्भग्रह में भाजपा विधायक की एंट्री पर बढ़ा विवाद

उज्जैन , दोपहर मेट्रो।

महाकाल मंदिर के गर्भगृह में पंडे-पुजारियों को छोड़कर अन्य सभी के प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद उज्जैन के भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने अपने जन्मदिन पर गर्भगृह में जाकर भगवान महाकाल की पूजा की। इसके पहले नागपंचमी पर देवास से भाजपा विधायक के बेटे द्वारागाड़ियों का काफिला लेकर मंदिर परिसर के अंदर दाखिल होने पर बवाल मच गया था। अब जैन का पूजा करते हुए वीडियो और फोटो सामने आने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा है कि जिस तरह नियम तोड़ने पर आम लोगों पर कार्रवाई की जाती है। उसी तरह भाजपा विधायक पर भी कार्रवाई हो।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के पैर छुए कांग्रेस विधायक ने

शिवपुरी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने पैर छूकर कई अटकलों को जन्म दे दिया है। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के दौरान गेट पर कांग्रेस विधायक कुशवाह यहां सिंधिया के स्वागत के लिए खड़े हुए थे। जैसे ही केंद्रीय मंत्री वहां पहुंचे, तो विधायक ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया, इसके बाद उनके पैर भी छुए। सिंधिया ने उनसे कुछ क्षण बात भी की।

एयरफोर्स को मिलेंगी हवा में निशाना साधने वाली मिसाइल

नई दिल्ली , एजेंसी।

इंडियन एयरफोर्स को जल्द ही 200 एयर टू एयर अस्त्र मार्क-1 मिसाइल मिलेंगी। ये मिसाइल फाइटर जेट सुखोई और स्वदेशी फाइटर जेट तेजस में फिट होंगी। अस्त्र मार्क-1 मिसाइल की खरीद को पिछले साल रक्षा अधिग्रहण समिति ने मंजूरी दी थी। जिसके बाद इसके कई टेस्ट किए गए और सभी टेस्ट में सफल होने के बाद अब एयरफोर्स ने इसके प्रॉडक्शन के लिए क्लियरेंस दे दिया है। इसे डीआरडीओ ने डिवेलप किया है और भारत डायनामिक लिमिटेड (बीडीएल) इसे बनाएगा।

निशाना पक्का: पिछले साल इस मिसाइल को फाइटर जेट तेजस से 20 हजार फीट की ऊंचाई पर लॉन्च किया गया था और यह तय मानकों पर पूरी तरह खरा रहा। अस्त्र मार्क-1 अडवांस बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल है। इसमें यह तकनीक भी है जिससे यह मिसाइल उस टारगेट को भी आसानी से निशाना बना सकती है जो जैमर के आसपास होता है। अस्त्र मार्क-1 में स्वदेशी सीकर लगा है यानी यह लॉक करके सटीक निशाना लगा सकती है। अगर इस मिसाइल से टारगेट लॉक कर दिया तो ये उसे निशाना बनाकर ही छोड़ेगी।


दुश्मनों का हवा में ही करेगी सफाया

कमला ने ट्रंप की मुश्किलें बढ़ाई राज्यों में बढ़त, रैलियों में भीड़

वॉशिंगटन , एजेंसी।

अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव का माहौल गर्मा गया है। रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। बाइडन के चुनावी मैदान से हटने के बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की मुश्किलें बढ़ रही हैं। क्योंकि भारतवंशी कमला हैरिस ने राष्ट्रीय स्तर पर और कई प्रमुख चुनावी राज्यों में बढ़त हासिल कर ली है। 59 साल की हैरिस न केवल धन जुटाने की होड़ में है, बल्कि रैलियों में रिकॉर्ड भीड़ भी जमा कर रही हैं। हैरिस ने 1.2 करोड़ डॉलर की धनराशि जुटाई, जिसमें कई भारतीय अमेरिकियों सहित करीब 700 दानकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

गौरतलब है, कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बने एक महीने से भी कम समय हुआ है। हैरिस अब सभी राष्ट्रीय चुनावों में ट्रंप से औसतन 0.5 प्रतिशत अंक आगे हैं। हैरिस विस्कॉन्सिन और मिशिगन के दो युद्धक्षेत्र राज्यों में भी आगे निकल गई हैं, जहां बाइडन पहले पीछे चल रहे थे। हैरिस पेंसिल्वेनिया, विस्कॉन्सिन और मिशिगन में चार प्रतिशत अंकों से आगे हैं।

15 को कश्मीर में आतंकी हमले का खतरा, हाई अलर्ट

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर देश के बाकी किसी हिस्से से ज्यादा आतंकी हमले का खतरा इस बार जम्मू-कश्मीर पर है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन बड़ी वारदात कर सकते हैं, खासतौर पर जम्मू-कश्मीर में। खुफिया इनपुट में टेरर अटैक का सबसे ज्यादा खतरा जम्मू-कश्मीर पर बताया गया है। जम्मू कश्मीर में 78 दिनों में 11 आतंकी हमले हो चुके हैं। वहीं बांग्लादेश में बिगड़े हालात के बाद भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से भी घुसपैठ का खतरा बना हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने की वजह से भी पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई में झटपटाहट महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए आशंका है कि वह आतंकियों के माध्यम से राज्य में अशांति फैलाने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है।

मेट्रो एंकर

अडानी ग्रुप के सभी 10 शेयर में 7 फीसद तक गिरावट

हिंडनबर्ग का असर अडानी पर, बाजार थोड़ा लड़खड़ाया फिर संभला

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।

अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग और सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच विवाद का बाजार पर शुरूआती दौर में जरूर नजर आया मगर बाद के घंटों में यह डर या आशंका काफूर होती दिखी। सेंसेक्स तीन सौ अंक से टूटा मगर बाद में तेजी के साथ 300 से ज्यादा अंक चढकर 80,100 के स्तर पर कारोबार करने लगा। निफ्टी में भी करीब 100 अंक की तेजी है। अलबत्ता हिंडनबर्ग रिपोर्ट का असर अडाणी ग्रुप पर साफ है और उसके सभी 10 शेयरों में आज गिरावट है। हिंडनबर्ग ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है। इसीलिये आज दिनभर बाजार की चाल पर जानकारों की नजर है। हालांकि अदाणी प्रकरण में सीधे सेबी प्रमुख पर आरोप लगाने के बाद इसकी छाया साफ तौर पर घरेलू शेयर बाजार में दिखी। प्रमुख भारतीय बेंचमार्क इस दौरान गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। जबकि अदाणी समूह के शेयर 7 प्रतिशत तक लुढ़क गए। सुबह सेंसेक्स 294 अंक टूटकर 79,411 पर कारोबार करता दिखा तो निफ्टी 85 अंक गिरावट के साथ 24,282 के स्तर पर था। उल्लेखनीय है कि बुच दंपती ने हिंडनबर्ग के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि सभी निवेश की जानकारी का खुलासा नियमों के अनुसार किया गया है। अडानी समूह ने भी आरोपों को बेबुनियाद बताया मगर निफ्टी के शेयरों में अदाणी एंटरप्राइजेज व अदाणी पोर्ट्स के शेयर आज सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 4% की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे। हालांकि शुरुआती गिरावट बाजार में कारोबार आगे बढ़ने के साथ कम हो गई एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टाटा स्टील के शेयर भी लाल निशान पर खुले।

राहुल के आरोपों के बाद बवाल बढ़ा

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के हालिया आरोपों के बाद फिर राजनीति में हंगामा मचा है। कांग्रेस की प्रतिक्रिया पर भाजपा आक्रामक है। उसने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर भारतीय शेयर बाजारों की अखंडता पर सवाल उठाने के लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा। अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि विपक्ष के नेता अब खुले तौर पर भारतीय शेयर बाजारों की वास्तविकता के बारे में संदेह पैदा कर रहे हैं। सवाल है कि क्या विदेशी संगठन की रिपोर्ट से देश के शेयर बाजार पर शंक की गुंजाइश है। ज्ञात हो कि हिंडनबर्ग खुलासे पर राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय शेयर बाजारों में काफी जोखिम है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष के खिलाफ लगे आरोपों से संस्था की शुचिता के साथ 'गंभीर समझौता' हुआ है।

अल्टीमेट फूडीज का सेलिब्रेशन, राज्यपाल ने केक काटा

भोपाल। अल्टीमेट फूडीज के 1.18 लाख मेंबर्स का लक्ष्य पूरा होने पर उत्सव के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राज्ययपाल ल मंगुभाई पटेल रहे। उन्होंने केक कट कर उत्सव की शुरूआत की। इस सेलिब्रेशन में देश विदेश से आये एनआरआई भी शामिल हुए। इस ग्रुप के फाउंडर आबिद फारूकी ने बताया कि ग्रुप से तीस हजार एनआरआई जुटे है। इस मौके पर शहर के सोशल इन्फ्लुएंसर को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान वूमेन एंड चाइल्ड हेल्थ अवेयरनेस के विषय पर राज्यपाल द्वारा महिलाओं और केजीएन द्वारा गोद ली गयी आंगनबाड़ी के बच्चों को स्वास्थ सम्बन्धी किट भेंट की गई।

तीसरी रेल लाइन का काम, 18 ट्रेनें अस्थाई तौर पर रहेंगी निरस्त

भोपाल। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के कटनी मुडवारा-बीना खंड में दमोह स्टेशन पर तीसरी लाइन के कार्य के चलते कई यात्री ट्रेन सेवा प्रभावित हो रही हैं। इस दौरान नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को अस्थायी रूप से अगस्त व सितंबर में कुछ दिनों के लिए निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इनमें ट्रेन 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 24 अगस्त से 12 सितंबर तक निरस्त रहेगी।ट्रेन 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 26 अगस्त से 14 सितंबर तक निरस्त रहेगी।ट्रेन 01885 बीना-दमोह एक्सप्रेस 25 अगस्त से 13 सितंबर तक निरस्त रहेगी। ट्रेन 01886 दमोह-बीना एक्सप्रेस दिनांक 26 अगस्त से 14 सितंबर तक निरस्त रहेगी। ट्रेन 06603 बीना-कटनी मुडवारा एक्सप्रेस 26 अगस्त से 13 सितंबर तक निरस्त रहेगी। ट्रेन 06604 कटनी मुडवारा-बीना एक्सप्रेस 26 अगस्त से 13 सितंबर तक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 9 सितंबर को निरस्त रहेगी। भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 11 सितंबर को निरस्त रहेगी। रीवा-डा. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस 05, 08, 10, 12 सितंबर को, आंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस 6, 9, 11, 13 सितंबर को निरस्त रहेगी।भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 28 अगस्त, 11 सितंबर तक और सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 29 अगस्त, 12 सितंबर तक निरस्त रहेगी। रानीकमलापति-सान्त्रागाछी एक्सप्रेस 28 अगस्त, 4, 11 सितंबर तक तथा सान्त्रागाछी-रानीकमलापति एक्सप्रेस 29 अगस्त, 5, 12 सितंबर तक निरस्त रहेगी।

ड्यूटी के दौरान पुलिस वाले पर किया हमला, आरोपी को सात साल की जेल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर विभिन्न धाराओं में 1000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र की अदालत ने सुनाया है। लोक अभियोजक के अनुसार, न्यायालय ने प्रकरण में आरोपी हर्ष मीणा को दोष सिद्ध पाते हुये यह सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन द्वारा की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुधाविजय सिंह भदौरिया द्वारा पैरवी की गई है।

यह है पूरा मामला

पीड़ित पुलिसकर्मी के बयान के अनुसार एम.पी. नगर क्षेत्र मे थी ड्यूटी के दौरान स्टॉफ के क्रेन डायवर सुभाष, हेल्पर सैय्यद फैजान अली, मुज्मिल और विशाल थे, ड्यूटी के दौरान ज्योति टाकीज के पास नो-पार्किंग मे खडी होण्डा शाईन मोटरसाईकिल को क्रेन मे उठाकर क्राईम ब्रान्च थाना परिसर मे लाकर खडी कर दी, थोडी देर बाद ही एक व्यक्ति हर्ष मीणा आया और मोटरसाईकिल के संबंध मे मुझसे पुछा मैने बताया कि आपकी वाहन नो-पार्किंग जोन मे खतरनाक हालत मे खडी मिलने पर से वहा से लाना बताया गया जिस पर आरोपी हर्ष मीणा बोला कि गाडी लाकर तुमने ठीक नही किया। अब तुम्हारे साथ ठीक नही होगा, आरोपी काईम ब्रान्च थाना परसिर के गेट के पास खडा हो गया। तभी हर्ष मीणा पास आया और गांलिया देने लगा और बोला कि तुने मेरी रसीद कैसे काटी और शासकीय कार्य करने मे बाधा उत्पन्न कर रहा था, आज तुझे नही छोडूगा और अपने पास रखा चाकू निकाल कर जान से खत्म करने की नियत से प्राणधातक हमला कर पेट पर मारा। ड्यूटी पर मोजूद अन्य लोगों ने बचाया।

अवैध कॉलोनी में भी खरीद

रजिस्ट्रियों की रफ्तार पिछले वर्ष से तेज, खूब बिक रही संपत्ति

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी में संपत्ति की खरीदफरोख्त कुछ दिक्कतों के बावजूद भी जमकर हो रही हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के चार महीने में ही 30 हजार से अधिक रजिस्ट्री हो चुकी हैं। जिससे सरकार को साढे तीन सौ करोड़ से ज्यादा राजस्व प्राप्त हुआ है। इस बार पंजीयन विभाग को भोपाल के लिए सरकार ने एक हजार 770 करोड़ का लक्ष्य दिया है। जबकि 2023 - 24 में एक हजार 372 करोड़ रुपये था। बताया जाता है कि अप्रैल से 31 जुलाई तक 30 हजार 705 रजिस्ट्रियां हुई हैं। जो पिदले वर्ष इसी अवधि में हुई 28 हजार 112 रजिस्ट्री से 10 प्रतिशत अधिक हैं। इस अवधि में 362.26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ , यह भी पिछले वर्ष इन चार महीने में मिले 300.64 करोड़ से 20 प्रतिशत अधिक है। जानकारों का मानना है कि इस वक्त होशंगाबाद रोड,गोविंदपुरा, कोलार रोड, बैरागढ़, करोंद- भानपुर में सर्वाधिक रजिस्ट्रियां हो रही हैं। यहां अधिकतर अवैध कालोनियां हैं। कुछ बिल्डर एक एकड़ या उससे अधिक कृषि भूमि पर प्लाट काटकर पांच सौ से हजार रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से बेच रहे हैं। ऐसे में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपने बजट में प्लाट ले लेते हैं लेकिन बाद में सुविधाओं के लिए परेशान होते हैं। यदि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष रजिस्ट्रियों में वृद्धि देखने को मिल रही है तो गोविंदपुरा नर्मदापुरम रोड, कोलार, बैरागढ़ और करोंद के आसपास ही रजिस्ट्रियां भी ज्यादा हो रही हैं।

महंगा है संपत्ति खरीदना

राजधानी में संपत्ति की खरीदी तेज है जबकि स्टाम्प ड्यूटी की ऊंची दरों की वजह से प्रॉपर्टी खरीदना सबसे महंगा बना हुआ है। देश में सबसे ज्यादा 9.5 फीसदी स्टाम्प ड्यूटी मप्र में ही है। जबकि रजिस्ट्रेशन चार्ज भी 3 फीसदी होने से प्रॉपर्टी खरीदी में ज्यादा राशि चुकानी पड़ती है। महिलाओं के नाम पर जरूर स्टाम्प ड्यूटी में 2 फीसदी छूट है। लिहाजा, अब प्रॉपर्टी के ज्यादा सौदे महिलाओं के नाम पर भी होते हैं। प्रॉपर्टी खरीद के लिए ली जाने वाली स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस पर नजर डालें तो सबसे कम सिक्किम में है। वहां मूल निवासी के प्रॉपर्टी खरीदने पर सिर्फ 1 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी लगती है। जबकि झारखंड में चार फीसद और उप्र में साढे सात फीसद स्टांप ड्यूटी लगती है। छत्तीसगढ में यह 6.6 है। मप्र के बारे में जानकारों का कहना है कि सरकार से स्टाम्प ड्यूटी को कम करने की मांग हो चुकी है। यदि सरकार ड्यूटी घटाएगी तो इससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा।

झूलेलाल चालीहा में कल साईं मनीषलाल का सत्संग

हिरदाराम नगर। पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब महोत्सव समिति, संतनगर में 41 वें चालीहा महोत्सव का आयोजन कर रही है। झूलेलाल मंदिर, एच वार्ड में महोत्सव के 29वें दिन पर भरुच के ठकुर साईं मनीषलाल साहिब के सानिध्य में 13 अगस्त को शाम 06 से 08 बजे तक बहिराणा साहिब की ज्योत एवं 08 बजे आरती की जाएगी। बहिराणा साहिब की ज्योत शाम 06 बजे प्रज्ज्वलित की जाएगी और आरती-पल्लव शाम को 08 बजे किया जाएगा। भगवान झूलेलाल साहिब के बहिराणा साहिब की ज्योति देश की अखंडता, भाई चारा, सुख-शांति, खुशहाली बनी रहे, इस लिए शीतलदास की बगिया कमला पार्क घाट पर प्रार्थना कर विसर्जिन की जाएगी।

सिंधी पंचायत से मांग, पगड़ी रस्म की जगह बदले बारिश में, नहीं तो धरना

हिरदाराम नगर। पूज्य सिंधी पंचायत के आजीवन सदस्य राजन धनवानी ने बारिश के चलते पगड़ी रस्म स्थल पर पहुंचने में होने वाली परेशानियों को देखते हुए स्थान परिवर्तन की मांग की है। धनवानी ने पंचायत अध्यक्ष व अन्य जिम्मेदारों को पत्र लिखकर दीपावली तक नई जगह पर पगड़ी रस्म होने को सुझाव दिया है। पंचायत कार्यवाहक अध्यक्ष को लिखे पत्र में धनवानी ने कहा है कि बोरवन पार्क स्थित पगड़ी रस्म स्थल तक पहुंचने वाला मार्ग बदहाल हो गया है। गड्ढों और कीचड़ से भरा हुआ है। बारिश के सीजन में तत्काल स्थान बदला जाना चाहिए। धनवानी ने नवयुवक सभा भवन, संत हिरदाराम हॉल एवं झूलेलाल मंदिर में पगड़ी किए जाने का सुझाव दिया है। धनवानी ने पंचायत ने 24 घंटों के अंदर फैसला लेने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर अगली पगड़ी रस्म के दिन धरना देने एवं रामधुनी लगाकर विरोध करने की चेतावनी भी दी है।

शराब पीने के रुपए नहीं दिए तो हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शराब पीने के लिए रूपये नहीं देने पर हत्या करने वाले आरोपी वंश परिहार एवं भोलू उर्फ रोहित डेहारिया को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। राजर्षि श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी एक्ट) की अदालत ने आरोपियों पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। प्रकरण में शासन द्वारा की ओर से विशेष लोकअभियोजक टी.पी. गौतम एवं पुनीत नारायण तिवारी द्वारा पैरवी की गई है।

लोक अभियोजक के अनुसार, फरियादी आकाश ने थाना कमला नगर भोपाल मे सूचना दी कि साप्ताहिक हाट बाजार मे मनोकामेश्ववरी गेट के पास नेहरू नगर भोपाल मे सब्जी भाजी की दुकान लगाता है शाम के समय वंश और भोलू उर्फ रोहित द्वारा दारू पीने के लिए 500 रू मांगे मेरे द्वारा मना करने पर आरोपी गालियां देने लगे। गालियां देने से मना किया तो आरोपी भोलू ने छुरी निकाल कर बाई कलाई एवं पीठ पर मार दी। तभी भोलू द्वारा ऋषि के पेट, सीना एवं सिर पर जान से मारने नियत प्राणघातक हमला कर दिया और वह खून से लथपथ होकर गिर गया।

तिरंगा यात्रा में 70 हजार लोग शामिल होंगे:रामेश्वर

भारत की विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियां जोरों पर

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत 14 अगस्त को राजधानी में प्रस्तावित तिरंगा यात्रा की तैयारियां जोरों पर है। यात्रा का आयोजन विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा अपनी संस्था कर्मश्री के तत्वावधान में किया गया है। इस यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मुखर्जी नगर कोलार से संतनगर (बैरागढ़) तक लगभग 30 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का 500 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया जाएगा।

LNCT UNIVERSITY

यात्रा की तैयारियों को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा और 'कर्मश्री' के कार्यकर्ताओं द्वारा वार्डों में, कॉलोनियों में बैठकों का दौर जारी है। रविवार को इसी क्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर कोलार में 'कर्मश्री' की एक बड़ी बैठक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा सहित हजारों की संख्या में संस्था के स्वयंसेवक एवं भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि अखंड भारत संकल्प दिवस पर यह यात्रा निकाल रहे हैं, लेकिन इस बार की यात्रा अभी तक की सबसे विशाल यात्रा होने वाली है। इसमें शामिल होने वाले 33 हजार से अधिक दुपहिया वाहनों का अभी तक पंजीयन किया जा चुका है। पंजीयन लगातार जारी है। इस प्रकार यात्रा में 70 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

अभियान का चौथा चरण, संग्रहालय कर्मी, डॉक्टर भी बने अभियान का हिस्सा

निरंकारियों ने भोपाल-बैरागढ़ में लगाए पौधे

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

निरंकारी मिशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिए 'वननेस वन' परियोजना के चौथे-चरण में रविवार को संत निरंकारी मंडल ब्रांच भोपाल द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल और ब्रांच बैरागढ़ द्वारा सिविल अस्पताल परिसर, बैरागढ़ में पौधा रोपण किया गया ।

भोपाल जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में ब्रांच भोपाल द्वारा श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान जोनल इंचार्ज महात्मा ने निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के संचालक अमिताभ पाण्डे, हॉर्टिकल्चर अधिकारी धीर सिंह सहित मानव संग्रहालय के समस्त स्टाफ द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय संचालक महात्मा अखिलेश यादव सहित निरंकारी मंडल भोपाल के सेवादल के भाई - बहन और साध संगत द्वारा उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया । ब्रांच संचालक महात्मा श्री विलास ने सभी सेवा दल के भाई बहनों, साध संगत और मौजूद स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

अस्पताल में पौधारोपण

ब्रांच बैरागढ़ द्वारा सिविल अस्पताल परिसर बैरागढ़ में ब्रांच संयोजक महात्मा महेश वीधानी के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ. जे.के.जैन द्वारा निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई । संयोजक महात्मा द्वारा निरंकारी मिशन द्वारा सामाजिक क्षेत्र में की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी उपस्थितजनों को दी गई। इस दौरान निरंकारी मंडल बैरागढ़ के सेवादल के अधिकारीगण, सेवा दल के भाई - बहन, साध संगत, सिविल अस्पताल बैरागढ़ के पैरामेडिकल स्टाफ सहित समस्त स्टाफ ने भी उत्साह पूर्वक बड़ी संख्या में पौधारोपण किया। ब्रांच संचालक महात्मा श्री अशोक नाथानी ने सभी सेवा दल के भाई बहनों, साध संगत और मौजूद स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

मेट्रो एंकर

भोले की भक्ति करोगे तो पापों की गठरी कम होगी : मुकेशजी

शिव महापुराण कथा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

शिव महापुराण कथा की कलश यात्रा एक्सोटिका कॉलोनी के गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई और सुविधा विहार कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर कथा स्थल पर पहुंची, जिसमें काफी बड़ी संख्या में भोले के भक्त नाचते नाचते पहुंचे कथा स्थल तक 101 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण करके शिव महापुराण की कलश यात्रा में हिस्सा लिया। इसके अलावा कई श्रद्धालु गण शिव महापुराण कथा की कलश यात्रा के ऊपर पुष्प वर्षा की गई कथा स्थल पर पहुंचने के उपरांत वैदिक मंत्रोचार द्वारा ग्रह मंडल का पूजन करने के उपरांत श्री मुकेश जी महाराज ने कथा आरंभ की।

श्री मुकेशजी ने कहा कि सुखमय जीवन जीने के सभी सूत्र शिव महापुराण से मिलते हैं इसीलिए कथा को श्रवण करके और उसके ज्ञान को अपने जीवन में अमल में लाना चाहिए तभी जीवन सुखमय बनेगा। दूसरों कल्याण का मार्ग का प्रशस्त करोगे तो आपका भी कल्याण स्वयं होगा। कथा में हाथों से ताली बजाकर जब आप महादेव की भक्ति करते हैं तो आपका तन मन शुद्ध हो जाता है भगवान शंकर की भक्ति में आप झूमोगे तो आपके पापों की गठरी आपके ऊपर से कम होगी।

कलश यात्रा में पार्षद ज्योति जगदीश यादव, एमके शर्मा, कमल हाड़ा, नेहा खिड़वरकर, ओपी शर्मा, आरती अस्थाना, रामप्रसाद अस्थाना एवं कई सेवादारी साथ में उपस्थित रहे।

पार्थिव शिवलिंग पूजन

हलालपुर स्थित खाती धर्मशाला में श्रावण मास के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें ब?ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विशेष पूजा अर्चना और दूध, दही, शहद से अभिषेक किया। दोपहर 2 बजे से पूजन, अभिषेक और 4 बजे से हवन, 5 बजे महाआरती की गई। उसके बाद प्रसादी वितरण के साथ 11 दिन की यात्रा का समापन भी किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए हर साल श्रावण मास पर यह आयोजन किया जाता है। 11 दिवसीय शिवलिंग निर्माण पूजन कार्यक्रम में जगह-जगह यह आयोजन करके शिवलिंग बनाकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। पंडित रघुवीर प्रसाद चैबे ने विधि विधान से पूजन सम्पन्न करवाई। इस अवसर पर दिनेश कुमार शर्मा, भूपत प्रसाद पटेल, लखन लाल गुर्जर, शैलजा रेड्डी, प्रदीप राजपूत, संतोष लोधी, संतोष सेन, जितेन्द्र प्रजापति, शंकर सिंह लोधी, धर्मेन्द्र सक्सेना, सुमरन सिंह मीणा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

सिंधी व्यंजनों में सिंधियत की महक, सिंध के जायके को किया तरोताजा

हिरदाराम नगर। सिंधी मेला समिति द्वारा भोपाल में तीन दिवसीय कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन राजधानी के 8 सेंटरो पर इस प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें सिंधी की महिलाओं ने हिस्सा लिया, भोपाल में बावड़ियाँ कला स्थित सिंधी महिलाओं ने 41 प्रकार की सिंधी व्यंजनों को विशेष रूप से तैयार किया था, जिसमें बिह पटाटा, साई भाद्दी, सेल मानी, खुराक, सिंगर जी मिठाई जैसे अनेक व्यंजन तैयार कर सिंध की पुरानी यादों को इन व्यंजनों के माध्यम से तरो ताजा कर दिया। इसी तरह कोटरा सुलतानाबाद, प्रभु नगर ईदगाह, सिंधी कॉलोनी, कवरराम कॉलोनी. स्वागत गार्डन में भी इसी तरह का अपनी संस्कृति का से जुड़ाव देखने को मिला, साथ ही इस प्रतियोगिता में 8 लेकर 80 वर्ष तक की महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को महिलाओं ने कई लजीज डिशेश तैयार कीं। कॉम्पीटिशन के विजेताओं को विभिन्न कैटेगरी में 1 सितंबर को मानस भवन में पुरस्कृत किया जायेगा।

हर घर तिरंगा अभियान में जुटी मप्र भाजपा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश भर में भाजपा हर घर तिरंगा अभियान के तहत डेढ़ करोड़ परिवारों तक पहुंचने में जुटी है। इन परिवारों को तिरंगा उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वे 15 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मना सकें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कल रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय से प्रदेश स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। इसके पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं को सीख देने के लिए काउंटर से तिरंगा खरीदा, सेल्फी पाइंट पर सेल्फी ली और फिर प्रदेश स्तरीय तिरंगा अभियान की शुरुआत की। उनके साथ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद रोडमल नागर समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त तक तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। वीडी शर्मा ने कहा कि तिरंगा ज्यादा से ज्यादा लोगों के घरों तक पहुंचाया जा सके, इसका पूरा प्रयास करेंगे। डेढ़ करोड़ परिवारों तक तिरंगा झंडा पहुंचाने का लक्ष्य है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में तिरंगा उपलब्ध कराने काउंटर खोला है। भाजपा प्रदेश कार्यालय के साथ सार्वजनिक स्थानों पर झंडे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश में 11 हजार से ज्यादा सक्षम आंगनबाड़ी को मंजूरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बीते वित्त वर्ष में सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में उन्नयन के लिए प्रदेश के 11706 आंगनबाड़ी केंद्रों को मंजूरी दी गई है। यह बात केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा सांसद व मप्र अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा द्वारा संसद में पूछे प्रश्न के उत्तर में कही। शर्मा ने आंगनबाड़ियों के उन्नयन का मुद्दा उठाते यह पूछा था कि कितने आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल रूप से सशक्त किया गया है और इन केंद्रों में कितनी पोषण वाटिका स्थापित की जा रही हैं। मध्यप्रदेश राज्य और विशेषकर खजुराहो संसदीय क्षेत्र के पन्ना, कटनी और छतरपुर जिलों में उक्त योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए पौष्टिक चावल और श्रीअन्न का ब्यौरा क्या हैड़ इस पर अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि पन्ना, कटनी और छतरपुर में 5267 आंगनबाड़ी केंद्रों में से कुल 5263 डिजिटल रूप से सशक्त हैं।

सरकार आज रात तक बांट सकती है मंत्रियों को जिलों के प्रभार

लंबे समय से हो रहा है इंतजार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मोहन सरकार मंत्रियों को जिलों का प्रभार सोमवार रात तक बांट सकती है। इसकी पूरी तैयारियां हो चुकी है। चूंकि चार दिन बाद 15 अगस्त है इसलिए भी मंत्रियों की सूची रोकने का कोई मतलब दिखाई नहीं दे रहा है। सूत्रों के मुताबिक सरकार पहले प्रभार बांटकर किसी तरह का कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती थी इसलिए देरी की गई। माना जा रहा था कि कई मंत्रियों को अपने–अपने जिले पसंद है इसलिए वह बाहर नहीं जाना चाहते। उन्होंने प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष पसंद के जिले मांगे हैं। बताया जा रहा है कि इसमें कहीं न कहीं सरकार की लाइन अलग है और व है ह केंद्र से विचार–विमर्श कर पहले ही मंत्रियों को दिए जाने वाले जिलों को लेकर विचार–विमर्श कर चुकी है। ऐसे में सूची पहले से जारी कर दी गई होती तो अब तक शिकायतों का अंबार लग जाता है इसलिए 15 अगस्त के ऐनवक्त पहले सूची जारी करना बताया जा रहा है ताकि प्रभारी मंत्री सीधे जिलों में जाकर 15 अगस्त के कार्यक्रम में हिस्सा ले सकें।

जिन अफसरों को हटाया, उन्हें आज शाम तक करना होगा ज्वाइन

सरकार ने शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि हटाए थे 47 आईएएस और आईपीएस

भोपाल। सरकार ने शनिवार–रविवार की मध्य रात्रि जिन 47 आईएएस और आईपीएस को हटाया था उन्हें सोमवार शाम तक ज्वाइन करना है। कुछ अफसरों ने तो दोपहर तक ज्वाइन भी कर लिया था तो कुछ शाम तक ज्वाइन करेंगे। इस ताबडतोड प्रशासनिक सर्जरी की काफी चर्चा है। माना जा रहा है कि सरकार ने पंद्रह अगस्त को देखते हुए देर रात तक तबादले किये और अफसरों को फौरन आमद देने को कहा। सूत्र बताते हैं कि कुछ पुलिस व प्रशासन के अफसरों के नाम ऐनवक्त पर बदलने की मशक्कत भी हुई,जिसके चलते तबादले में आधी रात बीत गई। गौरतलब है कि 15 अगस्त पर स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम व कानून व्यवस्था के चलते सरकार तबादले या तो इस तारीख के बाद करती है या कुछ पहले करती है लेकिन इस बार यह काम महज तीन दिन पहले हो सका। यह भी संभावना थी कि कुछ अफसर 15 अगस्त के बाद ही ज्वाइन कर सकेंगे। खासकर जिलों की कमान संभालने वाले कलेक्टर व एसपी पर यह बात लागू होने की चर्चा थी लेकिन रविवार देर शाम शासन की ओर से मैसेज दिया गया कि सभी को तत्काल ज्वाइन करना है। लिहाजा आज जिलों में नये अफसर आमद देने पहुंच रहे हैं और पुराने रिलीव हो रहे हैं।

स्नातक- स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों का अगली कक्षा में प्रमोशन अब 20 अगस्त तक

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

- उच्च शिक्षा विभाग ने प्रमोशन के लिए तारीख बढाई, पूरी प्रक्रिया ई-प्रवेश पोर्टल पर

स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों का एक कक्षा से अगली कक्षा में प्रमोशन अब 20 अगस्त तक होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रमोशन के लिए तारीख बढ़ा दी है। ये पूरी प्रक्रिया ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। अभी यूजी फर्स्ट ईयर के छात्रों को सेकंड ईयर में और सेकंड ईयर के छात्रों को थर्ड ईयर में प्रमोट किया जाएगा। पीजी के सेकंड ईयर से थर्ड ईयर में प्रमोट किया जाएगा। इससे पहले इसकी आखिरी तारीख 5 अगस्त थी। विभाग की गाइडलाइन अनुसार प्रवेश नवीनीकरण यानी प्रमोशन का कार्य संबंधित कोर्स के परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिवस की समय-सीमा में पूर्व किया जाता है। लेकिन हाल यह है कि बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी अब तक यूजी फर्स्ट ईयर और सेकंड ईयर व थर्ड ईयर के रिजल्ट घोषित नहीं कर सका है। फर्स्ट और सेकंड ईयर का मूल्यांकन कार्य चल रहा है।

एनएसयूआई का कैंपेन, पटवारी ने कहा- छात्रवृत्ति को गारंटी में शामिल किया जाए

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मध्य प्रदेश
कैंपस चलो अभियान
NSUI
NATIONAL STUDENTS' UNION OF INDIA

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एनएसयूआई का ''कैंपस चलो अभियान'' लांच किया। इसके तहत संगठन के पदाधिकारी प्रदेश भर में हर कॉलेज केंपस में जायेंगे और भाजपा सरकार में व्याप्त छात्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुये उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। पटवारी ने कहा कि एनएसयूआई ने मोहन यादव सरकार को नींद से जगाने के लिए एक मांग पत्र जारी किया है, जिसमें पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाने, छात्रवृति पर लोकसेवा गारंटी, सबको शिक्षा-सबको प्रवेश और छात्रसंघ के चुनाव कराये जाना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति को लोकसेवा गांरटी अधिनिमय में शामिल किया जाना चाहिए, वहीं फर्जी छात्रवृत्ति लेने वाले संस्थानों पर 50 करोड़ रूपये का जुर्माना व जेल भेजा जाना चाहिये। इसके अलावा समय पर छात्रवृत्ति न देने वाले अधिकारियों के वेतन रोकना चाहिए। अभियान लॉच कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, मुकेश नायक, एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर, रितू बराला, विवेक त्रिपाठी, प्र सहित एनएसयूआई के पदाधिकारी , जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

इंजीनियरिंग की सभी ब्रांचों में प्रवेश के लिए कल आएगी मेरिट लिस्ट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अब इंजीनियरिंग की सभी ब्रांचों 70 हजार सीटों में प्रवेश के लिए 13 अगस्त को मेरिट जारी की जाएगी। जिसके अनुसार 27 हजार विद्यार्थियों सीटों का आवंटन किया जाएगा। विभाग द्वारा इसके लिए संशोधित टाइम टेबिल जारी कर दिया है। विद्यार्थियों को चार दिन में आवंटित कालेज में प्रवेश लेना होगा। वे 16 अगस्त के बाद प्रवेश नहीं ले पाएंगे। विभाग ने बीटेक के साथ ही एमबीए की प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन किया है। इसके अनुसार पहले राउंड का आवंटन अब 16 अगस्त को किया जाएगा। स्टूडेंट 20 अगस्त तक आवंटित कॉलेजों में प्रवेश ले सकेंगे। इस दौरान आवंटित कॉलेज में उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा पूर्व में जारी टाइम टेबिल के अनुसार 1 अगस्त को एमबीए की मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई थी। इसके सेकंड राउंड के रजिस्ट्रेशन भी 16 अगस्त से शुरू हो जाएंगे। यह राउंड 6 सितंबर तक चलेगा।

अपग्रेडेशन का आवंटन 20 अगस्त को

इंजीनियरिंग अपग्रेडेशन का आवंटन 20 अगस्त को होगा और 23 अगस्त तक इसके प्रवेश होंगे। इसके दूसरे राउंड के रजिस्ट्रेशन भी 20 अगस्त से शुरू होंगे। यह राउंड 6 सितंबर को समाप्त होगा। इसके बाद ब्रांच परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होगी।होगा।

आरजीपीवी : एमटेक में प्रवेश के लिए सेकंड राउंड की काउंसलिंग शुरू, 25 अगस्त तक आवेदन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के एमटेक में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत सेकंड राउंड की काउंसलिंग शुरू हो गई है। इस राउंड में 25 अगस्त तक आवेदन किए जा सकेंगे और उन्हें निरस्त भी किया जा सकेगा। इसके अलावा अगर आवेदन में कोई सुधार करना है तो वह 26 अगस्त तक किया जा सकेगा। यहां एमटेक एनर्जी टेक्नोलॉजी और एमटेक एनर्जी एंड एन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग के लिए छात्र आवेदन कर सकेंगे। जिन अभ्यर्थियों के बीटेक फाइनल में 50 प्रतिशत अंक हैं, वे इन पाठ्यक्रमों में आवेदन के पात्र होंगे। प्रथम राउंड की काउंसलिंग

30 जुलाई तक चली। वहीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) के एमटेक में एडमिशन फॉर्म 1 से 5 अगस्त तक भरे जा सकेंगे। एडमिशन के लिए फिजिकल रिपोर्टिंग 6-7 अगस्त को होगी।

आइसर का दीक्षांत कल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण होंगी मुख्य अतिथि

भोपाल। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइआइएसइआर) भोपाल का 11वां दीक्षांत समारोह 13 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण होंगी। इस दीक्षांत समारोह में कुल 442 छात्र अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे।

मेट्रो एंकर इमरजेंसी मेडिसिन की 20वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस का समापन समारोह आयोजित

दूरस्थ अंचलों तक बेसिक लाइफ़ सपोर्ट की जागरूकता आवश्यक:राज्यपाल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

आपातकालीन चिकित्सा में फर्सटऑवर अर्थात गोल्डन ऑवर बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस अवधि में त्वरित और सटीक मेडिकल सहायता से कई लोगों को जीवन दान मिल सकता है। इसलिए दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक बेसिक लाइफ़ सपोर्ट की जागरूकता आवश्यक है। स्वास्थ्य कर्मियों को भी आपातकालीन चिकित्सा के नवीनतम प्रोटोकॉल्स से अपडेट करें। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। वे इमरजेंसी मेडिसिन के 20वें राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को प्रभावी बनाने और चिकित्सा नवाचारों के लिए एम्स और आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस में विद्वानों और विशेषज्ञों के मंथन से आपातकालीन चिकित्सा की बेहतरी के लिए जो समाधान और सुझाव रूपी अमृत निकला है, उसे समाज को ज्यादा से ज्यादा बांटने का प्रयास करें। राज्यपाल पटेल ने कहा कि भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए हेल्थकेयर विशेष रूप से इमरजेंसी हेल्थकेयर एक चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इमरजेंसी हेल्थ केयर की चुनौतियों के समाधान का व्यापक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। एडवांस लाइफ सपोर्ट, बेसिक लाइफ सपोर्ट, एम्बुलेंस आदि सेवाओं को बेहतर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार भी आपातकालीन चिकित्सा सेवा के नये केंद्रों की स्थापना और अत्याधुनिक चिकित्सा सेवा की दिशा में कार्य कर रही है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को जागरूक बनाने साइक्लोथॉन प्रभावी माध्यम है। उन्होंने एम्स भोपाल की इस पहल की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि साइक्लोथॉन का आयोजन आपातकालीन चिकित्सा के प्रति समाज में सकारात्मकता के प्रसार में सफल होगी। साथ ही इमरजेंसी मेडिसिन के क्षेत्र में एम इंडिया-2024 भी मील का पत्थर साबित होगा। सांसद भोपाल आलोक शर्मा ने बेसिक लाइफ सपोर्टपर आधारित आयोजन और जीवन रक्षा की जन-जागरूकता के प्रयासों के लिए एम्स भोपाल को बधाई दी। कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया। कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. मोहम्मद युनुस ने कॉन्फ्रेंस और साइक्लोथॉन की रूप-रेखा की जानकारी दी। अध्यक्ष एम्स भोपाल डॉ. सुनील मलिक ने कॉन्फ्रेंस के विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. भूपेश्वरी पटेल ने आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रो. रजनीश जोशी, विद्वान चिकित्सक, साइक्लोथॉन प्रतिभागी उपस्थित रहे।

PAN BAHAR
पान बहार
द हेरिटेज इलायची
पहचान कामयाबी की

संपादकीय

नसीहतों का असर नहीं

तीन दिन पहले जब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत दी तो कुछ सवाल फिर सुर्ख हुए,खुद कोर्ट ने भी इस निचली अदालतों के जमानत संबंधी काम पर कुछ टिप्पणी कीं। हालांकि सिसौदिया को कुछ शर्तें के साथ जमानत मिली है पर अदालतों को मिली नसीहत गौरतलब है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। किसी की जमानत सजा के तौर पर नहीं टाली जानी चाहिए। हालांकि यह बात सर्वोच्च न्यायालय पहले भी कई बार कह चुका है, मगर निचली अदालतें इसे गंभीरता से लेती नजर नहीं आतीं। सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में पहले प्रवर्तन निदेशालय और फिर सीबीआइ ने जेल में बंद कराया था। वे करीब 17 महीने जेल में रहे। सिसोदिया निचली अदालत से उच्च न्यायालय के बीच अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते और जमानत की अपील करते रहे, मगर किन्हीं तकनीकी कारणों से उन्हें सलाखों के पीछे ही रहने पर मजबूर होना पड़ा। अभी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। मगर सिसौदिया की जमानत से जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले उनकी जमानत से आम आदमी पार्टी में उत्साह बढेगा। हालांकि यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि जब एक निर्वाचित सरकार के जिम्मेदार पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति को इतने लंबे समय तक जेल में रहने पर मजबूर होना पड़ता है, तो सामान्य नागरिक के बारे में क्या उम्मीद की जा सकती है। ये सवाल बेवजह भी नहीं उठ रहे हैं कि आखिर सिसोदिया के सत्रह महीनों का हिसाब कौन देगा। सिसोदिया अकेले ऐसे नेता नहीं हैं, जिन्हें इस तरह सीखचों के पीछे लंबा वक्त गुजारना पड़ा। बल्कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी जेल में रह चुके हैं। सत्येंद्र जैन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी तक जमानत की आस लगाए हुए हैं। इस मामले में जांच एजंसियों के कामकाज पर गहरे सवाल उठे हैं। दिल्ली आबकारी मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सेना की जमीन खरीद घोटाले के आरोप में हेमंत सोरेन को जांच एजंसियों ने बिना पुख्ता आधार और दोषसिद्धि के लंबे समय तक जेल में डाले रखा। इसमें निचली अदालतों ने भी गंभीरता से विचार नहीं किया कि इस तरह जिम्मेदार पदों का निर्वाह करने वालों को जेलों में डालने से आखिरकार सार्वजनिक महत्त्व के कामकाज बाधित होते हैं। किसी को जमानत देने का यह अर्थ कतई नहीं होता कि उसे दोषमुक्त कर दिया गया। उसके खिलाफ लगे आरोपों की जांच तो चलती रह सकती है और दोषसिद्धि पर उसे सजा भुगतनी ही पड़ेगी। इस तरह केवल आरोप और आशंका के आधार पर लोगों को लंबे समय तक जेलों में बंद रखना एक तरह से नाहक सजा देने के बराबर ही माना जाता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय की नसीहत पर गंभीरता से पालन के अपेक्षा की जाती है। पिछले कुछ वर्षों से प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकंजा कसने के नाम पर जिस तरह अंधाधुंध छापे मारे और गिरफ्तारियां की, उसे लेकर उन पर आरोप लगते रहे हैं कि वे सत्तापक्ष के इशारे पर, उसकी राजनीतिक मंशा के अनुरूप काम करती हैं। वे जानबूझ कर तकनीकी अड़चनें पैदा कर अदालत को जमानत देने से रोकने का प्रयास करती देखी जाती हैं। भ्रष्टाचार और धनशोधन पर अंकुश लगाना निस्संदेह बड़ी चुनौती है, इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना चाहिये। मगर इसके लिए बने कानूनों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल होगा, तो असल मकसद हाशिये पर ही रह जाएगा।

राष्ट्रवादी मुस्लिम नेताओं का संकट और भूमिका महत्वपूर्ण

आलोक मेहता

लोकसभा चुनाव के दौरान और बाद में राहुल गांधी की कांग्रेस, लालू यादव की आरजेडी, ममता की तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी देश के अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के संकट, समुदाय के अपने

शरीयत कानून, वक्फ बोर्ड के अधिकार, बांग्ला देश की घटनाओं के साथ मुस्लिम विस्थापतों आदि मुद्दे उठाकर अपने वोट बैंक को पक्का करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी मुस्लिम अस्मिता के साथ राष्ट्रवादी होने का दावा करते हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी सबका साथ और सबका विकास के आदर्शों के आधार पर यही दावा करते हैं कि सभी योजनाओं, कार्यक्रमों और बजट से सभी क्षेत्रों, वर्गों, समुदायों की जनता को लाभ मिल रहा है। कहीं अल्प संख्यकों के साथ भेदभाव नहीं हो रहा है। यही कारण है कि कई प्रदेशों के मुस्लिम मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिए हैं। सबसे बड़ा प्रमाण गुजरात का है, जहाँ सी एस डी एस के सर्वे से प्रमाणित है कि 29 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने भी भाजपा को वोट दिए। हिंदुत्व के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शीर्ष नेता लगातार यही स्पष्ट करते रहे हैं कि वे भारत में उत्पन्न 98 प्रतिशत मुस्लिमों को हिन्दू और भारतीय ही मानते हैं, फिर उनकी उपासना पद्धति अलग हो। इसी दृष्टि से मोदी सरकार भी समान नागरिक संहिता के लिए अभियान चला रही है। उत्तराखंड में तो इसके प्रारुप को विधान सभा में पारित कर दिया गया।

तब सवाल उठता है कि मुस्लिम अधिकारों, आरक्षण और हितों के नाम पर कुछ राजनीतिक पार्टियों के नेता सामाजिक भेदभाव और कटुता क्यों उत्पन्न कर रहे हैं। इनमें असली राष्टवादी नेता कौन है ? इस सन्दर्भ में आजादी से पहले बीसवीं शताब्दी में स्वयं मुस्लिम नेताओं द्वारा साम्प्रदायिकता के विरुद्ध उठाई गई बातों को याद दिलाना उचित लगता है। अलीगढ़ के प्रसिद्ध विद्वान नेता सर सैय्यद अहमद खान ने 27 जनवरी 1883 को पटना में हिन्दू मुस्लिम एकता पर ऐतिहासिक व्याख्यान देते हुए कहा था - हम भारत की हवा में सांस लेते हैं, गंगा यमुना सहित नदियों का जल पीते हैं, भारत की जमीन पर उपजा अनाज खाते हैं। भारत में रहने से शरीर के रंग एक हैं। यदि हम जीवन में धर्म - ईश्वर की बात को अपनी मान्यता के अनुसार रहने दें, तो मानना पड़ेगा कि हमारा देश एक, कौम एक है और देश की तरक्की भलाई, एकता, परस्पर सहानुभूति और प्रेम पर निर्भर है। अनबन, झगड़े और फूट हमें समाप्त कर देगी। यही नहीं पंजाब में हिन्दुओं की एक सभा में उन्होंने कहा - हिंदुस्तान का हर निवासी अपने को हिन्दू कह सकता है। मुझे इस बात का दुःख है कि आप मुझे हिन्दू नहीं समझते, जबकि मैं भी हिंदुस्तान का वासी हूं।

इसी तरह 1896 में लोकमान्य तिलक द्वारा शोलापुर में प्रारम्भ किए गए गणपति उतसव में हिन्दू मुस्लिम सिख पारसी सभी धर्मावलबी शामिल होते थे। उस समय के एक साप्ताहिक अखबार रफत गोफ्तार ने लिखा था - गणपति उत्सव में स्थानीय मुसलमान गणपतिजी का सम्मान करते जुलूसों में शामिल हुए। नासिक में तो गणपति विसर्जन जुलुस का नेतृत्व एक मुस्लिम सज्जन कर रहे थे। इस समय बिहार बंगाल और वहां के मुस्लिमों को लेकर सर्वाधिक राजनीति हो रही है। इतिहास इस बात का गवाह है कि लार्ड कर्जन ने 1903 में हिन्दू मुस्लिम एकता तोड़ने के लिए ही बंगाल के विभाजन कि योजना पर अमल शुरू किया था। इसके विरुद्ध समाज में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। स्वदेशी रैली हुई और राखी अपील जारी की गई। 1905 में लियाकत हुसैन ने सुरेन्द्रनाथ बनर्जी को पत्र लिखकर बंग विभाजन से निपटने के लिए बहिष्कार को एकमात्र उपाय बताया था। बिहार में 1908 और 1909 में हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए सम्मेलनों के आयोजन हुए। उस समय हिन्दू मुस्लिम नेताओं का प्रभाव जनता पर था। बहरहाल अंग्रेजों के कारण बंगाल ही नहीं देश का भी विभाजन हुआ। लेकिन क्या आज उस तरह का कोई बड़ा राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता है ? कांग्रेस पार्टी में दशकों से प्रमुख स्थानों पर रहे सलमान खुर्शीद या बंगाल में अधीर रंजन चौधरी अपने मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में न तो स्वयं चुनाव जीत पाते हैं, न किसीको जितवा पाते हैं। आर जे डी और समाजवादी या शरद पवार की विभाजित एन सी पी में जो नेता मुस्लिम नेता बढ़ाए गए, उनकी आपराधिक गतिविधियों से देश के किसी राज्य में उनकी विश्वसनीयता मुस्लिम समाज में नहीं बन पाई। ओवेसी भी हैदराबाद और दो चार चुनाव क्षेत्रों को प्रभावित कर पाते हैं। ये सब अपने प्रचार और देशी विदेशी समर्थन से सम्पूर्ण मुस्लिम समुदाय के हितों की ठेकेदारी का दावा करते रहते हैं। देश में सबसे अधिक मुस्लिम जम्मू-कश्मीर में रहते हैं। आबादी में इनकी हिस्सेदारी 68.31 फीसदी है। मुफ्ती मोहम्मद सईद जम्मू और कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री थे। वे जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष थे। वे भारत के गृह मंत्री भी रहे। यह भी कांग्रेस से निकले वी पी सिंह के अल्प सत्ता काल में। उत्तर प्रदेश भारत की सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है.। देश की कुल आबादी का 16.51 फीसदी यहीं बसता है। इस सूबे में चुनावों में हुई हार-जीत का गणित देश की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाता है। साल 2011 की जनगणना पर नजर डाले तो यूपी की कुल आबादी 19.98 करोड़ रही और इसमें 3.84 करोड़ मुस्लिम रहे। इस हिसाब से देखा जाए तो इस सूबे की कुल आबादी में 20.26 फीसदी मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है। यही वजह है कि सियासी शतरंजी बिसात पर मुस्लिम वोट बैंक की अहमियत को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। यहां विभिन्न राजनीतिक दलों की हार-जीत का दारोमदार मुस्लिम नेताओं पर रहता है। ऐसे कुछ असरदार और रौबदार नेताओं में आजम खान, मुख्तार अंसारी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी हैं तो इमरान मसूद शफीकुर्रहमान बर्क, नाहिद हसन, हाजी फजलुर्रहमान, एसटी हसन जैसे नेताओं के नाम गिनाए जाते रहे हैं। लेकिन इनके विवादों की चर्चा काम नहीं होती और किसी अन्य राज्य में तो उनका कोई असर नहीं होता ।लोकसभा चुनाव 2024 में कुल ।8 मुस्लिम उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। इसमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। जबकि 2019 में 115 मुस्लिम उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इस बार संसद में 24 मुस्लिम सांसद चुनकर आए हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के । समाजवादी पार्टी के 4, टीएमसी के 5, आईयूएमएल के 3, नेशनल कॉन्फ्रेंस के दो और 2 निर्दलीय मुस्लिम उम्मीदवार जीतकर संसद पहुंचे हैं।इसमें युसुफ पठान, असदुद्दीन ओवैसी, और इकरा चौधरी जैसे बड़े चेहरे शामिल हैं। फिर भी करीब बीस करोड़ मुस्लिम आबादी में व्यापक प्रभाव रखने वाला क्या कोई एक मुस्लिम नेता है ?

तैरता विकास, टेरता विनाश

असली विकास प्रकृति की सुरक्षा एवं संरक्षण से ही... वायनाड त्रासदी का यही सबक

संदीप जोशी

वायनाड और फिर कुल्लू-मनाली में जो आपदा बरसी, उसने 'विकास या विनाश' का मुद्दा फिर छेड़ दिया है। कोई भी आपदा अचानक, अकेले नहीं आती है। उससे पहले समाज और सत्ता में भी अच्छे विचार और सच्चे काम की कमी आती है। आपदा प्राकृतिक हो या मानवीय-हर आपदा का एक इकोलॉजिकल या जीव पारिस्थितिकी-तंत्र होता है, जो कुछ लोगों के निजी स्वार्थ के कारण बहुतों को नुकसान पहुंचा जाता है।इसलिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक, मणिपुर से लेकर मुंबई तक, जो भी जलवायु संबंधी आपदा घट रही है, उनके पीछे मानवीय स्वार्थ जिम्मेदार होता है। प्रकृति तो सदा परिवर्तनशील ही रही है, मगर आपदाग्रस्त नहीं। आखिर हर मानसून में बढ़ती जा रही इन भयावह त्रासदियों से हम कोई सीख क्यों नहीं लेते।

आज का विकास मॉडल प्रकृति के विनाश पर आधारित है। महंगाई और बेरोजगारी के बीच आलीशान इमारतें, सुपर हाईवे, पर्यटन कॉरिडोर व छह-लेन चौड़ी सड़कें उनसे जरूरी कैसे हो सकती हैं? विकास का जो मॉडल पिछले कुछ दशकों से देश में चलाया जा रहा है, उसे समाज और सत्ता के पैमाने पर देखना होगा। समाज के मन में यह घर कर गया है कि असल विकास तो विदेश का ही है और हमें देश में विदेश जैसा विकास चाहिए। यानी भारत को भौतिक तौर पर अमेरिका या इंग्लैंड ही बनाना है। यह वैसा ही है, जैसा 1909 में महात्मा गांधी ने हिंद स्वराज्य में दर्शाने की कोशिश की थी। यानी हमें बाघ का स्वभाव (निरंकुशता) तो चाहिए, लेकिन बाघ (अंग्रेज) नहीं चाहिए। मगर बाघ का स्वभाव तो बाघ के साथ ही आएगा। प्रकृति में सभी की जरूरत के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन एक की भी लालसा के सामने वह कम ही रहने वाला है। सिर्फ मुनाफे के लिए ही उद्योगपति विकास मॉडल के हिस्सेदार बनते हैं। इसलिए सड़कें बनानी हों या इमारतें, या कोई अन्य उद्योग लगाने हों, उस जमीन पर जीने-बसने वालों को अनावश्यक मान लिया जाता है। वायनाड, कुल्लू-मनाली या अन्य पहाड़ी इलाकों में सत्ता व उद्योगपतियों की सांठगांठ ने सिर्फ मुनाफे का ही विकास दर्शाया। विकास के नाम पर पेड़ तो खूब काटे जाते हैं, मगर उतने पेड़ लगाए नहीं जाते। बादल फटने या तेज बारिश होने से भुरभुरी मिट्टी भूस्खलन ही लाती है। या नदी का जल बिना ठहरे तेजी से बहता है, तो रास्ते से सब कुछ बहा ले जाता है। नतीजतन आपदा आती है। समाज को विकास के लिए विवेक से काम लेना होगा।

ऐसी ही सांठगांठ दिल्ली के राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटर हादसे में भी दिखी। रिहायशी इलाकों में कोचिंग सेंटर चलाने की मंशा भी मुनाफे की ही रही है। बस उनमें पढ़ने वाले प्रतिभाशाली बच्चे दूसरे राज्यों से आए थे। वर्ष 1935-36 में गांधी जी ने तय किया कि देश के बीचों-बीच सेवा कार्य करने-सीखने का गांव बने। सेवाग्राम आश्रम उद्योगपति जमनालाल बजाज को बनाना था। गांधी जी ने बजाज से शर्त रखी कि आश्रम बनाने के लिए जो भी जरूरत होगी, वह उसके सिर्फ पांच किलोमीटर के दायरे से ही ली जाए। इसके उन्होंने तीन कारण बताए-आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा, आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और समरसता पैदा होगी। सभ्य समाज में सबका विकास ऐसी ही समरस अर्थव्यवस्था से होना चाहिए।

वायनाड, कुल्लू-मनाली और पहाड़ों में रहने-बसने वालों के लिए विकास का जो मॉडल अपनाया गया, उसमें पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और जलवायु प्रदूषण होता है। विकास के नाम पर साठ प्रतिशत जंगल काट दिए गए हैं। पर्यटकों के लिए पेड़-पहाड़ काट कर सड़कें बनाना वहां रहने-बसने वालों के लिए रोजगार का बहाना भर है। ऐसे ही रोजगार का विकास कभी दिल्ली आकर कुसुमपुर पहाड़ी पर या मुंबई के धारावी के स्लमों में बसे लोगों ने भी देखा था। आज वे न घर के हैं, न घाट के। दिल्ली के जमनापार में एक उच्च मध्यवर्गीय कालोनी निर्माण विहार है। उसमें कभी बारिश के पानी को सहेजने के लिए अलग से खुली नालियां बनाई गई थीं। फिर विकास के नाम पर उन नालियों को ढक दिया गया, अब उन नालियों पर कारें खड़ी होती हैं। ढक देने से नालियों की सफाई नहीं होती और जल निकासी भी अवरुद्ध हो गई है। नतीजतन हर बारिश में कालोनी बाढ़ ग्रस्त होती है। जन और जनसेवक अगर ईमानदारी से स्थानीय विकास पर जोर देते, देश कब का विकसित राष्ट्र बन जाता। समाज को ही एकजुट होकर संपोषणीय विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के लिए आगे आना होगा, क्योंकि पारिस्थितिकी की समझ तो वहां जीने-बसने वालों से ही बनती है। असली विकास प्रकृति की सुरक्षा एवं संरक्षण से ही हो सकता है।

– साभार

> अगर कोई पाप है, तो वो है ये कहना कि तुम निर्बल हो।
>
> - स्वामी विवेकानंद

निशाना

अत्याचार जारी है !

जो हैं असुरक्षित ।
हो उनका उपाय ।।
संकट की इस घड़ी में ।
कब बनना सहाय ?
अत्याचार जारी है ।
मन हो रहा खिन्न ।।
बर्बरता का अनवरत ।
दौड़ रहा है जिन्न ।।
संकट में अधिकार ।
घड़ी ऐसी आई ।।
बिछड़ रहे अपनों से ।
हो रही जुदाई ।।
दर्दनाक तस्वीरें ।
पल पल है प्रहार ।।
है नई सरकार पर ।
बस केवल धिक्कार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

आज का इतिहास

- 1323 स्वीडन और नोवगोरोड गणराज्य ने नोतेबॉर्गटो की संधि पर अस्थायी रूप से स्वीडिश-नोवगोरोडियन युद्धों को समाप्त करने पर हस्ताक्षर किए।
- 1549 फ्रांसीसी सेनाओं ने इंग्लैंड के एंबलटीज पर कब्जा किया।
- 1665 अंग्रेजी बेड़े ने डच बेड़े को हराया।
- 1676 प्यूरिटंस और उनके मूल अमेरिकी सहयोगियों ने वैम्पानोआगेसेचेम मेटाकॉमेट (किंग फिलिप के रूप में जाना जाता है) को मार डाला, अनिवार्य रूप से किंगफिलिप के युद्ध को समाप्त कर दिया।
- 1812 प्रायद्वीपीय युद्ध- सल्मांका की लड़ाई के बाद वेलिंग्टन की कमान के तहत संयुक्त अंग्रेजी और पुर्तगाली सेना ने मैड्रिड में प्रवेश किया।
- 1813 ऑस्ट्रिया ने फ्रांस पर युद्ध की घोषणा की।
- 1822 सेंट वेल्स के बिशप थॉमस बर्गेस द्वारा सेंट डेविड कालेज (आधुनिक दिवस वेल्स के विश्वविद्यालय, लंपेटर) वेल्स में स्थापित किया गया।
- 1833 अमेरिका में शिकागो शहर की स्थापना हुई।
- 1873 एक शांति संधि पर इंपीरियल रूस और खनाटे के खिवा के बीच हस्ताक्षर किया गया, जिसमें एक रूसी संरक्षक बना दिया।
- 1877 अमेरिकी खगोल विज्ञानी आसफ हॉल ने डीमोस की खोज की, जो मंगल के दो चंद्रमाओं से छोटा है।
- 1879 पहला राष्ट्रीय तीरंदाजी एसोसिएशन टूर्नामेंट शिकागो में स्थापित किया गया।
- 1883 अंतिम ज्ञात क्वाग्गा , जो मैदानी ज़ेबरा की एक उप-प्रजाति है, एम्स्टर्डम के आर्टिस मैजिस्ट्रा चिड़ियाघर में निधन हो गया।
- 1883 अंतिम ज्ञात कोटा, मैदानी ज़ेबरा की एक उप-प्रजाति, एम्स्टर्डम में आर्टिस मैजिस्ट्रा चिड़ियाघर का निधन।
- 1898 स्पेनी-अमेरिकी युद्ध- क्यूबा में अमेरिकी और स्पेनिश बल खत्म किया गया।
- 1908 हेनरी फोर्ड की कार कंपनी ने पहला कार मॉडल बनाया।
- 1920 पोलैंड और रूस के बीच वारसॉ लड़ाई शुरू हुई।

वर्धमान पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

छात्रसंघ लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला होती है। छात्रसंघ के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व करने की क्षमता विकसित होती है। इसी क्षमता के विकास की भूमिका में वर्धमान पब्लिक स्कूल में छात्रसंघ निर्वाचन प्रक्रिया का आयोजन हुआ। निर्वाचित सदस्यों में हेड बॉय एकाग्र पांडे, हेड गर्ल निहारिका कैथवास जुनियर हेड बॉय अथर्व चौधरी, जुनियर हेड गर्ल काव्या साजवानी, हॉस्टल हेड बॉय दिव्यांश नागड़ा, हॉस्टल हेड गर्ल दिव्या जैन, एजुकेशन मिनिस्टर अंशिका भूमरकर, डिसीप्लीन मिनिस्टर नमन मालवीय, स्पोर्ट्स मिनिस्टर विश्वराज, कल्चरल मिनिस्टर अनिमेष सिंह, हेल्थ एवं फायनेन्स मिनिस्टर सागर जायसवाल, जुनियर स्पोर्ट्स मिनिस्टर प्रवीर जैन, एमरल्ड हाउस कैप्टन तन्मय जोशी, वाइस कैप्टन प्रियांशी पटवा, रूबी हाउस कैप्टन दीपश सिंह वाइस कैप्टन शुभ जैन सफायर हाउस कैप्टन यश ठाकुर वाइस कैप्टन स्वास्तिक साहू टोपाज हाउस कैप्टन सिमरन कौर वाइस कैप्टन अन्वेष मंडल रहे।

दिनांक 10 अगस्त को सभी निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में इटारसी के एसडीएम प्रतीक राव ,वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन प्रशांत जैन, ट्रेजरार पवन जैन, ग्रुप डायरेक्टर श्रीमती रचना जैन,डायरेक्टर सुश्री प्रशस्ति जैन,प्राचार्या सुश्री वर्षा मिश्रा, हॉस्टल मेनेजर जय प्रकाश सोनी, ,वर्धमान जूनियर हेड सुश्री पूजा पटेल एवं सभी हेड उपस्थित रहे। सनातन प्रथानुसार सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। पुष्प गुच्छों द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत शाला प्राचार्या वर्षा मिश्रा ने किया। इसके पश्चात सभी निर्वाचित सदस्यों ने अपना परिचय दिया। विद्यार्थियों को पहले सशेस फिर बैच और फिर एसडीएम श्री राव द्वारा फ्लैग देके छात्रसंघ के सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण के बाद एसडीएम प्रतीक राव ने छात्रसंघ के निर्वाचित विद्यार्थियों को बधाई देने के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कर्तव्य एवं ईमानदारी का महत्व बताया। कार्यक्रम की रूपरेखा श्रीमती श्वेता प्रजापति एवं दर्शना बुधोलिया द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री दर्शना पटेल एवं श्रीमती पूजा तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

पंचायतों के उप निर्वाचन की अधिसूचना 21 अगस्त को जारी की जाएगी

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

पंचायत उप निर्वाचन 2024 हेतु 31 जुलाई 2024 की स्थिति में रिक्त स्थानों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की सूचना 21 अगस्त 2024 को जारी किए जाने के निर्देश है। इसके साथ ही आरक्षण की सूचना एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन की किया जाना है। पंचायत उप निर्वाचन हेतु सभी कार्यवाही म।प्र। पंचायत निर्वाचन नियम 1995 एवं आयोग द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों के अनुपालन में की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्री असवनराम चिरावन ने समस्त तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफीसर पंचायत को निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन, आरक्षण, मतदान केन्द्र की अधिसूचना ग्राम पंचायतवार निर्धारित प्रारूप में तैयार कराकर स्थानीय निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

ज्योर्तिलिंग पूजन: अनाथों के नाथ हैं काशी विश्वनाथ: पं. विनोद दुबे

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में द्वादश पार्थिव ज्योर्तिलिंग का पूजन, अभिषेक एवं एक लाख रूद्रि निर्माण चल रहा है। जिसके तहत रविवार को काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग का पूजन एवं अभिषेक मुख्य यजमान मीना डोनी,प्रियांशी डोनी ,छवि डोनी,शिवराज डोनी,मनोज डोनी,मनीषा डोनी,आस्था डोनी,अकक्षीता डोनी ,गोपाल नामदेव,प्रतिभा नामदेव, गौहरपाल नामदेव ने किया। मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे बताया कि यह प्राचीन तीर्थ स्थान वाराणसी कहलाता है। क्योंकि यह वारूणी और अस्सी नदियों का संगम स्थल है जो गंगाजी का मिलन केंद्र हैं। बनारस के अलावा इस नगरी का नाम काशी भी है। यहां पहले काश जाति के लोग रहते थें।

उन्होंने कहा कि काशी नगरी मोक्ष का प्रकाश और ज्ञान दात्री है। यहां के निवासी किसी भी तीर्थ स्थान की यात्रा किए बिना ही मुक्ति के हकदार हो जाते है। काशी में जिनके प्राण जाते है उन्हें मोक्ष मिलता ही है। और यहां पर किए गए सत्कर्त कई कल्पों तक समाप्त नहीं होते है।यहां देवता भी मृत्यु की कामना करते है वैसे तो बनारस में करीब 1500 मंदिर है लेकिन काशी के मंदिर में विश्वनाथ मंदिर का शिखर 100 फिट ऊँचा है। हिंदू महारानी और होल्कर राजवंश की अद्वितीय प्रतिभा अहिल्यादेवी ने काशी विश्वनाथ मंदिर का कार्य पूर्ण कराया। काशी के बारे में कहा जाता है कि पूरी दुनिया प्रकृति विनाश में चली जावे लेकिन काशी बेची रहेगी।

काशी के संरक्षक का दायित्व काल भैरव और दंडपानी निरंतर निभा रहे है। मुस्लिम शासकों ने कई बार काशी को बर्बाद और तवाह करने का प्रयास किया उन्होंने कई धार्मिक स्थलों को हानि पहुंचाई लेकिन भक्तों ने काशी को फिर खड़ा कर दिया। काशी विश्वनाथ से प्रसन्न होकर महाराजा रंजीत सिंह ने मंदिर के शिखर को स्वर्ण मंडित कराया। काशी वेदकाल से ही ओजस्वी चली आ रही है। अंग्रेजो और मराठों के शासनकाल में बनारस का वैभव निरंतर बढ़ा। जैन और बौद्ध धर्मियों ने इस तीर्थ स्थान के वैभव को चार चांद लगा दिए। काशी के पवित्र स्थान की यात्रा कर भेट देने के लिये हिंदू श्रद्धालु यहां आते है। अनेक धार्मिक कार्य संपन्न करके वह स्वंय को धन्य मानते है इसके अलावा दुनिया के कई देशों के अनेक धर्मो के अनुयायी यहां आकर काशी विश्वनाथ के दर्शन करते है कई विदेशी भी मोक्ष पाने के लिये काशी में आते है। काशी क्षेत्र और विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग विश्व का मोक्ष पाने के लिए काशी में आते है। काशी क्षेत्र और विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग विश्व का अति पवित्र श्रद्धा स्थान है यहां का गंगोदत भू-लोक का अर्मत है काशी विश्वनाथ का ज्योर्तिलिंग दुनिया में अनूठा और अदभुत है काशी के समीप ही गंगा धनुष के आकार ही हुई है इसका वैभव वैदिक काल से चला आ रहा है। आयोजन में अभिषेक पूजन पं। सत्येन्द्र पांडेय एवं पं। पीयूष पांडये द्वारा प्रतिदिन कराया जा रहा है।

नंद बिहार कॉलोनी में महिला मण्डल द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

नंद बिहार कॉलोनी मालाखेडी में नंदेश्वर महिला मण्डल के द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई जो पोस्टऑफिस घांट से नंदेश?वर महादेव मंदिर तक निकाली गई। कॉलोनी की वंदना मीना ने बताया कि नंदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष?ठा के बाद प्रतिवर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में आज यह आयोजन किया गया। श्रीमति मीना ने बताया कि सभी महिला एवं पुरुष मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर पोस्टऑफिस घाट गये इसके बात मॉ नर्मदा का जल लेकर मंदिर में भगवान नंदेश्वर महादेव का अभिषेक किया। कावड़ यात्रा में कॉलोनी की वंदना मीना, सीमा गौर, राजकुमारी मीना, यशोदा मीना, राधा दीवान, सौम्या दीवान, लता मीना, मीनाक्षी भदौरिया, किरण शुक्ला, तारा सुनानिया, निधि चौरे, चेतना भाटी, क्षमा केवट, स्वरूप यादव, पूजा गुप्ता, सुनीता राजपूत, चित्रा मीना, छाया यादव, चंदा मीना, कल्पना यादव, सुनीता यादव, प्रीति यादव, प्रमीला यादव, रूकमनी मीना, सीमा दीक्षित, सुनीता शर्मा, शशि दुबे, गीता सिंह, उमा साहू, राधा दुबे, उर्मिला सिंह, बबली केवट, सरला बिंजालिया सहित अन्य महिला एवं कॉलोनी के पुरूष उपस्थित रहे।

नागद्वारी मेले में आरटीओ दल ने चालानी कार्यवाही कर अधिक किराया वापस करवाया

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के नेतृत्व में 1 अगस्त से 10 अगस्त तक लगने वाले नागद्वारी मेले में आरटीओ दल दर्शन करने आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार कार्यशील रहा। मेले में बड़ी संख्या में महाराष्ट्, राजस्थान, गुजरात के साथ साथ मध्यप्रदेश के अलग अलग जिलों से बड़ी संख्या में छोटे वाहनों के अलावा बसें पहुंची, जिनके दस्तावेजों की जांच के अलावा यातायात व्यवस्था, ओवरलोडिंग, अधिक किराया की शिकायतों का निराकरण आरटीओ अधिकारी द्वारा किया गया। अधिक किराए की शिकायत पर आरटीओ अधिकारी द्वारा यात्रियों को बड़ा हुआ किराया वापस कराया गया। बस चालको को लगातार अधिक किराया न लेने की हिदायत दी गई। नागद्वारी मेले में जांच दल द्वारा लगभग 350 वाहनों की जांच की गई। जिसमे ओवरलोडिंग तथा बिना परमिट वाहन संचालन करने पर 65 वाहनों के विरुद्ध 38500 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।

हर घर तिरंगा अभियान की बैठक संपन्न

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी की बैठक पटेल भवन मेहरागांव में संपन्न हुई। सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करें। मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने कार्यक्रम का संचालन किया और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने भी कहा कि-हर घर तिरंगा अभियान को लेकर,13 से 15 अगस्त में समस्त कार्यकर्ता एवं देशवासियों को मिलाकर प्रत्येक घर हर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे,प्रत्येक बूथ पर 50 से अधिक घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य लेकर चलें।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी ने भी बताया कि 12 अगस्त से 14 अगस्त महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना एवं स्वच्छता अभियान चलाना साथ ही आजीवन सहयोग निधि अभियान तेजी से चलाया जाए। कार्यक्रम का आभार महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती बविता चौहान ने किया। इसमें मुख्य रूप से मेहरागांव पंचायत के सरपंच जितेन्द्र पटेल,वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश सचा, रविंद्र भावसार के साथ ही समस्त मोर्चा-प्रकोष्ठों के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शहर में कई जर्जर मकान, सर्वे की मांग

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

शहर में नगर पालिका की टीम जर्जर मकानों को तोड़ने का काम कर रही है, एसडीएम के निर्देश पर इसके लिए एक टीम का गठन किया। इस कार्यवाही के दौरान एसडीएम टी प्रतीक राव, तहसीलदार के अलावा नगर पालिका का अमला भी साथ रहेगा। एसडीएम टी प्रतीक राव ने नगर पालिका की सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी को निर्देश दिये है। शहर में अभी भी कई ऐसे जर्जर मकान है जिन्हें बने हुए 40-50 साल हो चुके हैं, जो क्षतिग्रस्त है इस ओर भी नपा को ध्यान केंद्रीत करना चाहिए।जिससे भविष्य में कोई जान मान की हानि ना हो सके। शहर के मालवीयगंज, गांधीनगर, भाट मोहल्ला, भगतसिंह नगर, लाइन एरिया, पत्ती बाजार सहित कई ऐसी जगह क्षतिग्रस्त मकान है।

स्वतंत्रता दिवस पर विशेष मध्याह्न भोजन में बच्चों को मिलेगी सब्जी,पूरी-खीर

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत लक्षित समस्त शालाओं के विद्यार्थियों को विशेष भोज के अंतर्गत सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पूरी, हलवा तथा लड्डू का वितरण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि, एवं कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी किसी एक शाला में विशेष भोज कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

मेट्रो एंकर

शिक्षा विभाग की संकुल स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

शाला से अनुपस्थित मिले शिक्षक तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

सिवनी मालवा/नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग की संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरनखेड़ा में संपन्न हुआ। इस बैठक में संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। बैठक का आयोजन संकुल प्राचार्य राकेश साहू की उपस्थिति में किया गया जिसमें विभाग में चल रही अनेक योजनाओं के बारे में चर्चा कर जानकारी भी ली गई। कक्षा तीसरी, कक्षा छठवीं, कक्षा नौवीं में नेशनल अचीवमेंट सर्वे के बारे में बताया गया इस परीक्षा में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मॉड्यूल उपलब्ध हुए हैं या नहीं, छात्रवृत्ति के असफल खाते, ओलंपियाड की तैयारी, कक्षा पहली से 12वीं तक की दर्ज संख्या, पाठ्य पुस्तक वितरण, नामांकन एवं ट्रांजैक्शन, मध्यान्ह भोजन, शिक्षक अवकाश पंजी, यू -डाइस पोर्टल पर छात्र-छात्राओं को नामांकित करना,शिक्षा पोर्टल पर छात्र-छात्राओं की फीडिग, आदि के बारे में भी प्रधान पाठकों से संकुल प्राचार्य द्वारा जानकारी ली गई। इको क्लब के विकासखंड नोडल हरि परेवा द्वारा वृक्षारोपण की जानकारी ली गई लक्ष्य की पूर्ति के हिसाब से वृक्षारोपण करना तथा वायुदूत एप पर अपलोड करना प्रमुख है। संकुल प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि स्कूल में समय पर उपस्थित रहे। यदि अनुपस्थित पाए जाते हैं तो कार्यवाही सुनिश्चित होगी तथा अनुपस्थित दिवस का वेतन काट दिया जाएगा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी स्कूलों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है बैठक में संकुल प्राचार्य राकेश साहू, हायर सेकेंडरी स्कूल सोमलवाडा के प्रचार्य राम मोहन रघुवंशी, हरि परेवा, ऑपरेटर अर्पित मिश्रा समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक उपस्थित थे।

स्वर्गीय बरगले को श्रद्धांजलि देने पहुंचे समाजसेवी कार्यकर्ता

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

पूर्व कृषि अधिकारी समाजसेवी संस्था सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के कार्यालय प्रभारी स्वर्गीय भागचंद बरगले का विगत दिनों परलोक गमन हो गया। रविवार को स्वयंवरम मैरिज गार्डन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए एकत्र हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी एवं संस्था के अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने शोक व्यक्त करते हुए कहा बरगले जी सदैव प्रसन्न और सहज रहने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने हर जाति हर समाज हर धर्म के लोगों का सम्मान करते हुए सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच में एक अलग ही पहचान बनाई थी। उनके समाज सेवी कार्य को भुलाया नहीं जा सकता। उनकी स्मृति को हमारा शत-शत नमन। श्रद्धांजलि सभा में मोहम्मद अकरम खान अशोक दीबोलिया केके शर्मा मोहम्मद अदिल केएन त्रिपाठी हेमंत शर्मा रामेश्वर पटेल रमेश सोनी संजीव शर्मा डॉ मयंक तोमर रमेश गोप्लानी प्रदीप द्विवेदी गणेश ऊपरिया जयबाला निगम सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर स्वर्गीय स्व। भागचंद बरगले को श्रद्धांजलि अर्पित की।

चांदी की पालकी में विराजमान होकर निकले श्री जी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को जैन समाजजनों ने बड़े ही भक्ति तथा उत्साह के साथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर श्री 1008 भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याण उत्साव मनाया गया। भगवान जी चांदी की पालकी में विराजमान श्री जी निकलें धर्म ध्वज के साथ राष्ट्रीय ध्वज भी शोभायात्रा मैं आन बान शान से लहरा रहा था। श्रीजी के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष में श्री दिगंबर जैन बड़े मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुए। जहां शनिवार को प्रातः काल नित्य अभिषेक, शांतिधारा, पूजन व पार्श्वनाथ विधान का आयोजन हुआ एवं रात्रि में महाआरती हुई सभी कार्यक्रमों में समाज जनों ने बढ़-चलकर भाग लिया।

निकल चल समारोह, मंदिर में हुआ अभिषेक

रविवार को प्रातः काल भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन व निर्माण लाडू चढ़ाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ, इसके पश्चात श्रीजी को चांदी की पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती करके पूजा अर्चना की वहीं चल समारोह में युवा अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज के साथ धर्म ध्वज लेकर श्री जी की पालकी की अगवानी कर रहे थे। समाजजन अपने हाथों से रथ में विराजमान भगवान के रथ को खींचते हुए चल रहे थे। नवयुवक मंडल के दिव्या घोष से गूंज रहे भक्ति भाव से उत्प्रोत स्वामी जी के भजनों पर युवा झूमती नाचते चल रहे थे। जगह विभिन्न समाज जनो और समाजसेवी संगठनों के द्वारा चल समारोह का स्वागत किया गया श्री जी की पालकी शहर के भ्रमण के बाद मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई यहां पर पूजन के बाद दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची रही बुजुर्ग माता बहनों के साथ युवाओं और बच्चों ने भी सभी आयोजनों में उत्साह के साथ भाग लिया मोक्ष कल्याण के कारण अधिकांश जैन समाज जनों के प्रतिष्ठान भी बंद रहे।

पालकी यात्रा में दिखा राष्ट्रीय ध्वज

जैन समाज जनों के द्वारा मोक्ष कल्याण पर श्री जी की पालकी यात्रा निकाली गई जिसमें राष्ट्र ध्वज व धर्म ध्वज दोनों एक साथ लिए युवा चल समारोह में चल रहे थे। भगवान के भजनों के साथ देश भक्ति गानों पर भी युवा झूम रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे।

बजरिया में अतिक्रमण से हो रही बड़ी परेशानी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर पालिका परिषद के द्वारा अतिक्रमण धारियों को चेतावनी देकर अतिक्रमण हटाने के लिए एलाउंसमेंट किया जा रहा है। दूसरी और कार्रवाई भी जा रही है वहीं नगर पालिका कार्यालय के चंद कदम के पास में ही बजरिया में अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों से लेकर आम जनता को परेशानी हो रही है। वैसे ही यहां पर मार्ग सकर है पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण करके यहां पर ठेले से लेकर तिरपाल लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है इस वजह से यहां पर आए दिन दुर्घटना भी हो रही है वाहन चालकों भी परेशानी हो रही है। इसके बाद भी यहां से नगर पालिका अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं कर पा रही है। वहीं प्रदेश टुडे की सूचना पर यातायात प्रभारी रितेश वाघेला ने कहा कि यह से अतिक्रमण करने वालों को हटाएंगे क्योंकि मार्ग में बाधा डालने का काम भी इनके कारण हो रहा है।

ई-केवायसी कार्यो का क्रियान्वयन युद्व गति से

विदिशा। विदिशा जिले में हितग्राहियों के ई-केवाईसी संबंधी कार्यों के संपादन हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में ग्राम स्तरीय अमला पंचायतों में पहुंचकर आवेदकों को शिविर स्थल तक लाने और उनकी ई-केवाईसी संबंधी अपडेट डाटा को पोर्टल पर दर्ज करने के कार्यों का संपादन कर रहा है। अपर कलेक्टर ने बताया कि हर रोज हरेक पंचायत में कम से कम 200 हितग्राहियों का लक्ष्य ग्राम स्तरीय अमले को सौंपा गया है। उनके कार्यों की मानीटिरिंग के लिए औसतन 10-10 पंचायत के आधार पर एक-एक जिला अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जो सौंपे गए ग्राम पंचायत में भ्रमण कर ई-केवाईसी संबंधी कार्यों में होने वाली दिक्कतों का समाधान कर रहे हैं।

शहर की अनेक नालियों पर लगाए गए जाल टूटे, वाहन चालक व बच्चे गिरकर हो रहे घायल

नपा की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे हैं शहर के आम नागरिक

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नपा की अनदेखी के कारण गली-मोहल्लों की सड़कों पर बनी चौड़ी नालियों से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों पर लगे टूटे जालों में आए दिन वाहन चालक फंसकर गिरकर घायल हो रहें है। शहर के ऐसे कई वार्ड हैं जहां नपा ने पूर्व में इन नालियो पर जाल लगाए थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद अब नालियों पर लगाए गए जाल टूट गए और जालियों का लोहा भी चोरो द्वारा चुरा लिया गया। चौड़ी नाली पर लगी जाली को टूटे हुए काफी समय हो गया है। लापरवाही के चलते अभी तक टूटे जाल को दुरूस्त नहीं कराया गया है। जाली टूटी होने के कारण चालकों को वाहन निकालने में काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। जबकि इस मार्ग से दिनभर वाहनों का आवागमन होता रहता है।

नहीं देती ध्यान - नपा की अनदेखी के कारण शहर की ऐसी कई गलियां हैं, जहां नालियों पर लगी जालियां लंबे समय से टूटी पड़ी हैं, लेकिन अभी तक नपा द्वारा इस नालियों की जालियों को बदलवाया नहीं गया है। वहीं वार्ड नंबर 11 बड़ा पुरा तिराहा पर नाली पर लगी जाली को टूटे काफी समय हो गया है। जबकि इस मार्ग से दिनभर चार पहिया और दो पहिया वाहनों का आना जाना लगा रहता है। चौड़ी नाली से आए दिन लोग तो परेषान हो ही रहे हैं, वहीं ऐसे में रोजाना स्कूल वाहन इस जाली में फंस जाते है। जिससे लोगों को भारी मषक्कत के बाद निकाला जाता है। वहीं दोपहिया वाहन एवं साईकिल से स्कूल आने-जाने बच्चे इन टूटे जालों में फंसकर चोटिल हो जाते है।

परेशानी का सबब बनी नालियां

इतना ही नहीं कई नालियां बेतरतीब ढंग से बनी हुई है। संकरी गलियों में चौड़ी नालियां लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। वाहन चालकों के साथ ही आसपास रहने वाले लोग भी दिक्कत झेल रहे हैं। घर के बाहर खेलते समय बच्चे भी चौड़ी नालियों में गिर जाते हैं। वहीं नाली पार करते समय कई बार तो मवेशी भी चोटिल हो जाते हैं। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी अब बारिष के दिनों में हो रही है। क्योंकि सड़को पर जलभराव होने से टूटी पड़ी जालियां दिखती नहीं और वाहन चालक उसमें गिरकर घोटिल हो रहे है। लेकिन फिर भी नपा के जिम्मेदार अधिकारियो का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

समस्याओं को सुनने के लिए साहब के पास नहीं रहता टाइम

शहर के वार्डो में मची गंदगी या नालियों पर जालिया न होने की समस्या हो या फिर कोई अन्य समस्या जब भी कोई नागरिक नपा सीएमओ पवन शर्मा को समस्या सुनाने के लिए उन्हें फोन लगाता है तो वह किसी भी नागरिक का फोन उठाना पसंद नही करते। साथ ही यदि कोई नागरिक अपने समस्या सुनाने के लिए सीएमओ पवन शर्मा के पास पहुंचता है तो नपा सीएमओ अपने कार्यालय में कभी मिलते ही नही है। नपा सीएमओ के कार्यालय में न मिलने से आम नागरिक मजबूरन एसडीएम हर्षल चौधरी के पास पहुचकर अपनी पीड़ा सुनाने को मजबूर हो जाता है।

इनका कहना है-

हमनें बारिश से पहले ही शहर के समस्त नाले-नालियों की साफ-सफाई व नालियों पर जालिया लगावा दी थी। यदि किसी वार्ड में नालियों पर जाल नहीं लगे है या फिर टूट गए है तो तत्काल नपा इंजीनियर को निर्देशित कर नालियों पर जाल लगवा दिए जाएंगे। जिससे की आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

हर्षल चौधरी, एसडीएम सिरोज

इकोदिया से करीला धाम के लिए निकली चुनरी यात्रा

सिरोंज। सावन के महीने में भोले की भक्ति के साथ मां जानकी की भक्ति श्रद्धा भाव से की जा रही है कई ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिदिन करीला धाम के लिए चुनरी यात्रा निकाल रही है। इसी क्रम में रविवार को इकोदिया - विशाल चुनरी यात्रा मां जानकी के पावन धाम करीला के लिए बड़ी संख्या लोगों माता की भक्ति में लीन होकर 251 फीट लंबी चुनरी निकले हैं गांव तथा क्षेत्र की उन्नति की कामना को लेकर ग्रामीण माता के दरबार में पहुंचकर चुनरी माता रानी को अर्पित करेंगे चुनरी यात्रा का जगह-जगह समाजसेवियों के द्वारा स्वागत किया गया श्रद्धालु गण मैया की भक्ति लीन होकर चुनरी यात्रा में उत्साह के साथ सम्मिलित हुए हैं डीजे की धुन पर माता रानी के भजनों से चुनरी यात्रा में आनंद बस रहा था। संयोजक संजू रघुवंशी ने बताया कि विशाल चुनरी यात्रा ग्रामीणों जनों के सहयोग से निकाली गई।

सड़कों की मरम्मत के नाम पर नपा और ठेकेदार की हो रही है चांदी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जिम्मेदार अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का फायदा उठाकर खुलेआम भ्रष्टाचार के खेल को अंजाम नगर पालिका में दिया जा रहा है। मरम्मत के नाम पर ठेकेदारों की बल्ले बल्ले हो रही है चांद दिनों ही मरम्मत के बाद सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं घटिया मटेरियल से इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं या फिर इनकी मिली वजह से जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। शहरी क्षेत्र में खस्ता हाल हो चुकी सड़के तथा जिन मार्ग में जगह-जगह गड्ढे होने से नगर वासियों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। कई बार शिकायतों के बाद मुख्य बाजार से लेकर पुरानी बस स्टैंड सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर पालिका परिषद के द्वारा इन गढ़ों की मरम्मत करने का काम ठेकेदार से करवाया जा रहा है।

ठेकेदार के द्वारा बहुत ही घटिया काम को अंजाम दिया जा रहा है इस वजह से आगे पाठ पीछे सपाट की स्थिति में मरम्मत का कार्य हो रहा है कुछ दिन पहले किए गए मुख्य बाजार की सड़कों में से मरम्मत वाला मटेरियल निकल चुका है क्योंकि गुणवत्ता के साथ ठेकेदार काम नहीं करता है नर्मदा रेत की जगह पर चूरी और घटिया क्वालिटी का सीमेंट उपयोग किया जा रहा है।इस वजह से कुछ दिनों के बाद ही घटिया निर्माण की पोल खुल जाती है।जानकारी होने के बाद भी नगर पालिका के इंजीनियर के द्वारा भी घटिया काम करने वाले ठेकेदार पर लगाम लगाने का कोई काम नहीं किया जा या फिर इनकी मिली भगत से ही भ्रष्टाचार के खेल को अंजाम दिया जा रहा है तभी तो शिकायतों के बाद भी मुख्य नगर पालिका से लेकर विकासखंड अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जनप्रतिनिधि भी आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं। इस वजह से नगर पालिका में भ्रष्टाचार का बोलबाला चरण सीमा पर है निर्माण के नाम पर खुलेआम गोलमाल किया जा रहा है नवीन सड़क भी कुछ दिनों में गढ़ों में तब्दील हो रही है।

इनका कहना है -

यदि गुणवत्ता के साथ मरम्मत का कार्य नहीं हो रहा है तो हम दिखा कर कार्रवाई करेंगे।

हर्षल चौधरी, एसडीएम

मेट्रो एंकर

कई शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद, आए दिन हो रही घटनाएं

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बैंक के खातेदारों को बैंक के कैमरों पर ही विश्वास नहीं रहा है। सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बाद भी बैंक के बाहर से रखी बाइक आए दिन चोरी हो रही हैं तो कभी ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं। बैंक के बाहर गिरोह सक्रिय है, क्योंकि बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे अक्सर बंद रहते हैं। बैंक जैसे स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरों का काम न करना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। हाल ही में एक ही दिन में दो वारदात हुई। एक मंडी बायपास तो दूसरी लिंक रोड पंजाब बैंक के पास रखी बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक नूर मियां मंसूरी ने बैंक पर आरोप लगाते हुए कहा कि बैंक हमेशा सीसीटीवी का भरोसा दिलाता है कि आप कैमरे की निगाह में हैं। लेकिन मैं जब पंजाब बैंक गया और मात्र सात मिनट में वापस लौटा तो मेरी बाइक बाहर से चोरी हो गई थी। जानकारी जुटाई तो पता चला कि कैमरा ठीक ढंग से काम नहीं कर पा रहा है। वहीं दूसरा मामला किसान राजकुमार राजपूत का है, राजपूत सिरोंज में कीट नाशक दवाई लेने आए थे। उनकी पत्नी मोनिका का आईसीआईसीआई बैंक में खाता है। जिसका एटीएम कार्ड लेकर वह पैसे निकालने मंडी गेट के पास केनरा बैंक के एटीएम पर गए। यहां अलग मॉडल की एटीएम लगी थी जिसे वह ऑपरेट नहीं कर पा रहे थे। पीछे खड़े दो लोगों ने उन्हें पिन नंबर डालते देख लिया। उन लड़कों ने कहा कि यह मशीन ऐसे नहीं चलती आप कार्ड दोबारा डालो। फिर वे राजकुमार के पास आगे आ गए और उसे बताने का नाटक करने लगे। इसी बीच उन्होंने राजकुमार के एटीएम कार्ड को बदल दिया। एटीएम काम नहीं कर रहा यह कहकर बदमाश बाहर निकल गए। जब राजकुमार ने एटीएम कार्ड मशीन से निकाला तो वह दूसरा कार्ड था। उसने पलट कर देखा तो वे लोग भाग गए और कुछ ही देर में राजकुमार की पत्नी के खाते से 50 हजार रुपए निकाल लिए गए। राजकुमार ने जब तक केनरा बैंक स्टॉफ को भीतर जाकर घटना के बारे में बताया तभी 10 हजार निकलने का एक और मैसेज उसके मोबइल पर आ गया। केनरा बैंक वालों ने राजकुमार को कार्ड ब्लाक करने के लिए तुरंत आईसीआईसीआई बैंक जाने को कहा। इसके बाद थाने पहुंचे राजकुमार ने धोखाधड़ी की शिकायत की तो उससे आवेदन ले लिया गया। बाद में पुलिस ने दोनों बदमाशों को तलाश कर लिया है।

कार्यालय सेनानी, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल (म.प्र.)

पुलिस मुख्यालय के पास जहॉंगीराबाद, फोन नं. 0755-2443648

क्रमांक -7वीं बटा./विसबल/क्यू.एम./1112-A/24 दिनांक 07/08/2024

ई-निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल स्थित आवासीय परिसर में निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य विवरण	स्वीकृत राशि रूपये	धरोहर राशि रू. (ईएमडी)	निविदा शुल्क रू.	कार्य अवधि
01	7वीं वाहिनी आवासीय परिसर दूध डेयरी लाईन (40 क्वार्टर) जहॉंगीराबाद भोपाल में नवीन पानी टंकी एवं पाईप लाईन फिटिंग मरम्मत कार्य।	355483.00	10664.00	1000	45

निविदा की विस्तृत शर्तें MP TENDERS/MP POLICE WEBSITE पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत संशोधन व परिवर्तन होने पर वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-निविदा पोर्टल (MPTENDERS) पर उपलब्ध रहेगा।

G-14750/24

सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल
भोपाल

WINNERS 2024
SHIEL

मैनचेस्टर सिटी ने यूनाइटेड को 7-6 से हराकर 7वीं बार जीता कम्युनिटी शील्ड खिताब

लंदन, एजेंसी

मैनचेस्टर सिटी ने पेनल्टी शूटआउट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 7-6 से हराया और सातवीं बार एफए कम्युनिटी शील्ड खिताब पर कब्जा जमाया। मैनचेस्टर सिटी ने लंदन के वेम्बली स्टेडियम में पेनल्टी शूटआउट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 7-6 से हराया और सातवीं बार एफए कम्युनिटी शील्ड खिताब पर कब्जा जमाया। यह आठ सीजन में पांचवीं बार है, जब पेनल्टी शूट के जरिए एफए कम्युनिटी शील्ड फाइनल के नतीजे का फैसला हुआ है।

क्या है एफए कम्युनिटी शील्ड फाइनल : यह प्रतियोगिता पिछले वर्ष के एफए कफ के विजेता और प्रीमियर लीग चैंपियन के बीच खेली जाती है।

स्कोर 1-1 से रहा बराबरी पर

मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमे पहले हॉफ में कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं, दूसरे हॉफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आक्रमक खेल दिखाया। इसका फायदा उन्हें मिला जब अलेजांद्रो गार्नाचो ने 82वें मिनट में गोल दाग अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। मैनचेस्टर सिटी की ओर से बर्थडे ब्वॉय बर्नाडो सिल्वा ने 89वें मिनट में गोल दाग दोनों टीमों के स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

शूटर मनु भाकर और पीआर श्रीजेश ने परेड ऑफ नेशंस में तिरंगा थामा

पेरिस में मैडल टैली में टॉप पर अमेरिका आखिरी गेम में जीता 40वां गोल्ड

पेरिस, एजेंसी

सिटी ऑफ लाइट्स कहे जाने वाले पेरिस ने रविवार रात ओलंपिक गेम्स को यादगार फेयरवेल दिया।ओलिंपिक मेडल टैली में अमेरिका 40 गोल्ड, 44 सिल्वर और 42 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नंबर 1 रहा।अमेरिका की विमेंस बास्केटबॉल टीम ने फ्रांस को हराकर पेरिस ओलंपिक में देश के लिए 40वां मेडल जीता। क्लोजिंग सेरेमनी की शुरुआत फ्रांस के तैराक लियोन मार्चेंड ने ओलिंपिक फ्लेम बुझाकर की। आखिर में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने ओलिंपिक फ्लैग के साथ हवाई जहाज से छलांग लगाई। उन्होंने हैरतंगेज करतबों से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। यहां स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में 3 घंटे चली सेरेमनी में 5 ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं सिंगर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन (हर), बिली ऐलिश और बेल्जियम की पॉप सिंगर एंजेले वान वीक ने फैंस को आखिरी तक बांधे रखा। वहीं, गोल्डन वॉयजर, फीनिक्स और काविंस्की बैंड ने स्टेडियम में परफॉर्म किया। रेड हॉट चिली पेपर्स जैसे बैंड के म्यूजिक के बीच लॉस एंजिल्स को 2028 के ओलिंपिक कराने की जिम्मेदारी दी गई। फिर मशहूर रैपर स्नूप डॉग ने फैंस को झूमने पर विवश किया। समारोह में स्टेड डी फ्रांस रंग-बिरंगे रोशनी से जगमगा उठा; जहां 78,000 से ज्यादा लोगों ने आतिशबाजी, कला, डांस और म्यूजिक का शानदार शो देखा। सेरेमनी के दौरान शूटर मनु भाकर और अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने तिरंगा थामा। ओलिंपिक मेडल टैली में अमेरिका 40 गोल्ड, 44 सिल्वर और 42 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नंबर 1 रहा। 91 मेडल के साथ दूसरे नंबर पर चीन और 45 मेडल के साथ तीसरे नंबर पर जापान है। भारत 6 मेडल के साथ 71वें स्थान पर है।

कैरेबियाई क्रिकेटर बेंजामिन के बेटे राय ने पेरिस में जीते दो गोल्ड

वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज विंस्टन बेंजामिन के बेटे राय बेंजामिन ने यहां पेरिस ओलंपिक में इतिहास रच दिया। अपने पिता की तरह क्रिकेटर ना बनकर राय ने एथलेटिक्स को चुना और पेरिस ओलंपिक में अमरीका का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीत लिया। इससे पहले राय ने अमरीका की टीम के साथ 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस का स्वर्ण पदक भी जीता। उनकी सफलता से पिता बेंजामिन खुश हैं और उन्होंने कहा कि उन्हें कोई मलाल नहीं है कि वो क्रिकेटर नहीं बना। राय का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। शुरुआत में वह एंटीगुआ और बारबुडा का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन फिर वे अमरीका चले गए और वहीं से अपने एथलेटिक्स करियर को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। वहीं राय के पिता विंस्टन बेंजामिन 1986 से 1995 के बीच वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा थे। विंस्टन ने 21 टेस्ट और 85 वनडे खेले थे। इसमें उनके नाम 161 विकेट हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे पिता मुझे समझते हैं। मेरा परिवार मुझे समझता है कि मैं क्या चाहता हूं, उन्होंने कभी अपनी पसंद मुझ पर नहीं थोपी। वे जानते हैं कि मैं रोजाना उनसे बात नहीं कर सकता। मेरे माता-पिता जानते हैं कि सफल होने के लिए त्याग करना और अपनी प्यारी चीजों को अलग रखना कितना अहम होता है।

रेड हॉट चिली पेपर्स बैंड ने कान्ट स्टॉप गया

4 बार के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट माइकल जॉनसन, ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट जैगर ईटन और माउंटेन बाइकर केट कोर्टनी ओलिंपिक फ्लैग को लॉस एंजिल्स की सड़कों पर ले जाते दिखे। फिर ग्रैमी पुरस्कार विजेता बैंड रेड हॉट चिली पेपर्स ने समुद्र किनारे पर 'कान्ट स्टॉप' गाना गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। हॉलीवुड के सुपरस्टार टॉम क्रूज स्टेड डी फ्रांस की सबसे ऊंची जगह से रस्सी पर लटकते हुए नीचे आए। इस दौरान गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन ने मिशन इम्पॉसिबल का गाना गया। हर के नाम से मशहूर गैब्रिएला ने यूएसए का नेशनल एंथम भी गाया। गोल्डन वॉयजर बैंड ने भविष्य की झलक दिखाई। बैंड ने ओलिंपिक का पास्ट भी दिखाया। गोल्डन वॉयजर आसमान से उतरा और स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक की खोज करने लगा, क्योंकि भविष्य में वहां एक थिएटर बन चुका है। इस खोज में 1896-एथेंस ओलिंपिक गेम्स की शुरुआत दिखाई गई।

पहला टेस्टः द. अफ्रीका ने बनाए 357 रन

केशव महाराज ने विंडीज को बैकफुट पर धकेला



पोर्ट ऑफ स्पेन. एजेंसी

केशव महाराज (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के शीर्षक्रम को झकझोर कर वर्षा प्रभावित पहले टेस्ट मैच में अपना पलड़ा भारी रखा। मेजबान वेस्टइंडीज की टीम का स्कोर 4 विकेट पर 145 रन था। केवम हॉज 11 और जेसन होल्डर 13 रन बना कर क्रीज पर थे। विंडीज टीम अभी दक्षिण अफ्रीका से 212 रन पीछे है। इससे पहले मेहमान टीम ने पहली पारी में 357 रन बनाए थे।

कार्टी ने बनाए 42 रन

वेस्टइंडीज की ओर से पहली पारी में कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (35) और मिकाइल लुइस (35) ने अच्छी शुरुआत की। दोनों ने ओपनिंग साझेदारी में 53 रन जोड़े। उनके बाद कीसी कार्टी ने 42 रन बनाए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेंबा बावुमा शतक बनाने से चूक गए और उन्होंने 86 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, टॉनी डी जॉर्जी ने 78 और वियान मुल्डर ने नाबाद 41 रन बनाए। विंडीज के जोमेल वारिकेन ने सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए।

नेशनल बैंक ओपन टेनिसः केटी बोल्टर पर दर्ज की चौथी जीत

टोरंटो. एजेंसी

बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी वरीय 26 वर्षीय सबालेंका ने अंतिम-16 में ब्रिटेन की कैटी बोल्टर को 6-3, 6-3 से करारी शिकस्त दी। वहीं, अमरीका की शीर्ष वरीय कोको गॉफ उलटफेर का शिकार हो गईं। अंतिम-16 में यूएस ओपन चैंपियन गॉफ को डायना श्नाइडर ने 70 मिनट में 6-4, 6-1 से हराया।

मेट्रो बाजार

जल्द 4 जी-5जी यूनिवर्सल सिम लॉन्च करेगी बीएसएनएल

नईदिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग ने शनिवार 10 अगस्त को कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) जल्द ही 4 जी-5 जी रेडी यूनिवर्सल सिम और ओवर-द-एयर लॉन्च करेगी। इस सिम को यूजर्स कहीं भी एक्टिवेट कर सकेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दूरसंचार विभाग ने कहा- 4 जी और 5 जी सर्विस के रोलआउट के बाद यूजर्स को बिना जॉग्रफिक रिस्ट्रिक्शन के अपना मोबाइल नंबर चुनने और सिम बदलने में मदद मिलेगी। इस सिम को पायरो होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर बनाया है। यूनिवर्सल 4 जी और 5 जी-रेडी सिम क्स्हरु की रिवाइवल प्लान का हिस्सा है, जिसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल तीसरे रिवाइवल पैकेज में 89,047 करोड़ रुपए के पैकेज की मंजूरी दी थी। इस पैकेज में इक्विटी इन्वेस्टमेंट के माध्यम से बीसीएनएल को 4 जी, 5 जी स्पेक्ट्रम आवंटित करना और इसकी ऑथराइज कैपिटल को 1,50,000 करोड़ से बढ़ाकर 2,10,000 करोड़ करना शामिल था। पब्लिक सेक्टर टेलिकॉम कंपनी बीएसएनएल पिछले कुछ समय से कर्ज के संकट से जूझ रही है। भारत सरकार ने अब तक तीन रिवाइवल पैकेज के माध्यम से कंपनी को सपोर्ट किया है। साल 2019 में पहले रिवाइवल पैकेज में 69,000 करोड़ रुपए की मंजूरी दी थी, जिससे बीएसएनएल और एमटीएनएल में स्थिरिता आई थी। वहीं, साल 2022 में 1.64 लाख करोड़ के दूसरे रिवाइवल पैकेज को मंजूरी दी थी। इस पैकेज में बैलेंस शीट को मजबूत करना और फाइबर नेटवर्क का एक्सपेंशन करना शामिल था। पीएम मोदी 6 जी नेटवर्क का रोडमैप लॉन्च कर चुके हैं। 2030 तक भारत में 6 जी सर्विस शुरू होने की उम्मीद है। इस मामले में बीएसएनल काफी पीछे चल रहा है।

बड़ा दांवः एलआईसी इक्विटी में करेगी 1.30 लाख करोड़ निवेश, भारतीय शेयर बाजार को मिलेगा बूस्ट

नईदिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआइसी चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बारतीय शेयर बाजार में करीब 1.30 लाख करोड़ रुपए का नया निवेश करने की तैयारी में है। एलआइसी के सीईओ सिद्धार्थ मोहंती ने कहा है कि कंपनी चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इक्विटी में लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपए का नया निवेश करेगी। 2024-25 की जून तिमाही में एलआइसी ने शेयरों में लगभग 38,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। एलआइसी ने जून तिमाही में इक्विटी में निवेश से 15,500 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। जून, 2024 के अंत में विभिन्न कंपनियों के शेयरों में एलआइसी के निवेश का बाजार मूल्य लगभग 15 लाख करोड़ रुपए था। एलआइसी का 282 कंपनियों में निवेश है। इस दौरान एलआइसी का एयूम 16.22त्र बढ़कर 53.58 लाख करोड़ रुपए हो गया। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एलआइसी इस साल 1.30 लाख करोड़ रुपए का निवेश करती है तो इससे शेयर बाजार को बड़ा बूस्ट मिलेगा और बाजारों में और तेजी आएगी। वहीं दूसरी ओर भारत का आइपीओ बाजार गुलजार है। इस हफ्ते भी निवेशकों के लिए कुल 5 आइपीओ लॉन्च हो रहे हैं, जिनमें सरस्वती साड़ी डिपो का मेनबोर्ड आइपीओ है। साथ ही दो आइपीओ की लिस्टिंग भी शेयर बाजारों में होने वाली है। सरस्वती साड़ी डिपो का 160 करोड़ रुपए का आइपीओ 12 से 14 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी ने शेयरों का प्राइस बैंड 152 रुपए से 160 रुपए के बीच तय किया है।

मनोरंजन **बॉलीवुड का कोना**

फजल और ऋचा के साथ दावत करते नजर आए सोनाक्षी-जहीर बोले- शानदार बीता इतवार

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने इस वर्ष जून में एक-दूसरे का हाथ थामा। एक निजी समारोह में रजिस्टर मैरिज के बाद यह खूबसूरत जोड़ी सुखद वैवाहिक जीवन जी रही है। सोनाक्षी अक्सर अपने पति के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करती नजर आती हैं। सोनाक्षी ने रविवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वे और जहीर अपने करीबी दोस्तों अली फजल और ऋचा चड्ढा के साथ छुट्टी का दिन बिताते नजर आ रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें साझा की हैं। इनके साथ लिखा है, इतवार की छुट्टी शानदार तरीके से गुजरी! झलकियां देखने के लिए स्वाइप करें। पहली तस्वीर में सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के साथ अली फजल और ऋचा चड्ढा भी नजर आ रहे हैं। सभी सामूहिक रूप से भोजन का लुत्फ उठा रहे हैं। अगली तस्वीर में खाने में परोसे गए व्यंजनों की झलक साझा की गई है। वहीं, तीसरी और आखिरी तस्वीर में खाना खाने के बाद सभी फुरसत में बैठे नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर थोड़ी हंसी-तफरी वाली भी है। लग रहा है जैसे खाने के बाद सभी आलस में हैं। एक तरफ सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर से टेक लगाकर सोफे पर लेटी नजर आ रही हैं। वहीं, अली फजल भी कुछ अलसाए से अंदाज में बैठकर पोज दे रहे हैं। बराबर में ऋचा भी ब्लैक और व्हाइट कलर के आउटफिट में बैठी हैं। इन तस्वीरों पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, कभी हमें भी ऐसी दावत में बुलाओ। एक यूजर ने लिखा, गुड्डू पंडित आप मिर्जापुर में आ जाओ। वहीं कुछ यूजर्स सोनाक्षी और जहीर की जोड़ी की तारीफ करते नजर आ रहे हैं और लिख रहे हैं, कुछ भी हो आप दोनों साथ में लगते बहुत प्यारे हो। ऋचा चड्ढा और अली फजल के घर जुलाई में खुशियां आई हैं। दोनों ने पहली संतान के रूप में बिटिया का स्वागत किया। ऋचा चड्ढा और अली फजल ने वर्ष 2022 में शादी की। इससे पहले दोनों ने कई वर्ष तक एक-दूसरे को डेट किया। दोनों की मुलाकात फिल्म फुकरे के सेट पर 2012 में पहली बार हुई थी।

सुपरस्टार्स के तंबाकू प्रमोट करने पर भड़के मुकेश खन्नाःबोले- इनको मारना चाहिए...

'शक्तिमान' फेम वेटरन एक्टर मुकेश खन्ना ने एक इंटरव्यू में पान मसाले का एड करने वाले एक्टर्स की जमकर आलोचना की है। एक्टर ने कहा कि ऐसे एक्टर्स को तो पकड़कर मारना चाहिए।

आप लोगों को क्या सिखा रहे हो- मुकेश

बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में मुकेश ने कहा, 'अगर आप मुझसे पूछेंगे तो मैं कहूंगा कि इनको पकड़कर मारना चाहिए। मैंने उनसे यह कहा भी है। अक्षय कुमार को मैंने डांटा भी था कि वो हेल्थ को लेकर इतना जागरुक रहता है फिर कैसे इस तरह के एड कर रहा है। अभी अजय देवगन और शाहरुख खान भी ऐसे एड करते हैं। समझ नहीं आता कि आप लोगों को क्या सिखा रहे हैं? मुकेश ने आगे कहा- 'ये लोग क्यों इस तरह के एड क्यों करते हैं? क्या पैसे नहीं इनके पास? मैंने कई बार कहा कि ऐसे एड मत कीजिए। कई एक्टर्स ने ऐसे विज्ञापन वापस भी लिए। अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन ने शायद ऐसे विज्ञापनों से दूरी बना ली है। लेकिन आज भी कई हैं जो इस तरह के विज्ञापन कर रहे हैं।' इसी इंटरव्यू में मुकेश ने आगे कहा- 'ये सट्?टेबाजी प्रमोट करने वाले ऐप के एड भी मुझे परेशान करते हैं। शक्ति कपूर से लेकर कपिल शर्मा तक इस तरह के एड करके कहते हैं- 'पैसा सीधे आपके अकाउंट में जाएगा..।' मैंने उनसे पूछा कि आप लोगों को रमी खेलना सिखा रहे हैं?

यश चोपड़ा की फिल्म पर महेश भट्ट ने कसा तंज, बोले- एक्सट्रामैरिटल अफेयर होते है

फिल्ममेकर महेश भट्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर सीक्रेट रिलेशनशिप होती है, गार्डन में जाकर गाना नहीं गाते। लोग इसे सीक्रेट रखते हैं। महेश भट्ट ने यह भी कहा कि उनकी फिल्म 'अर्थ' यशराज की फिल्म 'सिलसिला' से प्रेरित नहीं थी। दरससल, महेश भट्ट ने जब 'अर्थ' बनाई थी तो उस समय यह अफवाह उड़ी थी कि उन्होंने यह फिल्म यशराज की 'सिलसिला' देखने के बाद बनाई थी। रेडियो नशा को दिए गए इंटरव्यू में महेश भट्ट ने कहा कि इस अफवाह में कोई सच्चाई नहीं है कि 'सिलसिला' देखने के बाद उन्होंने 'अर्थ' बनाई। महेश भट्ट ने कहा- मैंने 'अर्थ' अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा लेकर बनाई थी। इससे पहले जो चार फिल्में बनाई थीं वो फ्लॉप थीं। मेरा करियर खत्म होने वाला था। सोचा कि एक और रिस्क लेते हैं। लोग मुझसे कहते थे कि आप पहले से फ्लॉप डायरेक्टर हैं और अब 'अर्थ' जैसी फिल्म बना रहे हैं। जिसपर पहले ही 'सिलसिला' जैसी फिल्म बन चुकी है। जो फ्लॉप थी। महेश भट्ट 'अर्थ' को अपने जीवन की सच्ची घटना से प्रेरित कहानी बताते हैं। 'अर्थ' ऐसे फिल्ममेकर की कहानी थी, जो एक एक्ट्रेस से अफेयर के बाद अपनी बीवी को छोड़ने के लिए तैयार है। महेश भट्ट इस बारे में कई बार खुलासा कर चुके हैं कि 'अर्थ' उनके और परवीन बॉबी के रिलेशनशिप की कहानी है। महेश भट्ट ने यशराज की फिल्म 'सिलसिला' पर तंज कसते हुए कहा- ऐसा नहीं होता है कि आपका एक्सट्रामैरिटल अफेयर है और तुलिप गार्डन में जाकर गाना गा रहे हैं।

बागसेवनिया पुलिस ने कार की बरामद

ऑफिस से चाबी चुराकर कार चोरी करने वाले वाहन चोर गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बागसेवनिया पुलिस ने कार चोरी करने वाले दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वाहन मालिक की आफिस से कार की चुपके से चाबी चुराकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों में एक काल लोन का काम करता है।

पुलिस के मुताबिक, 10 अगस्त को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे वह अपने आफिस के नीचे पंजाब नेशनल बैंक सामने ओम नगर चौराहा में अपनी कार खड़ी की थी। डेढ़ घंटे बाद वापस आया तो कार नहीं मिली। आफिस जाकर देखा कि गाड़ी की चाबी देखी आफिस के काउन्टर में नहीं थी । पुलिस ने कार की तलाश शुरू की दीक्षानगर बागमुगालिया में उसी कार में दो युवक घूमते मिले। पुलिस ने उन युवकों से पूछताछ किया। उन्होंने कार को ओम नगर चौराहा पंजाब नेशनल बैंक के सामने से चोरी करना बताया। आरोपियों की पहचान एम कान्वेंट स्कूल के पास बंगरसिया थाना मिसरोद निवासी 31 वर्षीय मुकेश कुमार, आदर्श नगर बागसेवनिया निवासी 31 वर्षीय भरत कुमार केवट के रूप में हुई।

चाबी रखने वाली जगह पर रखते हैं नजर

आरोपी मुकेश कुमार शर्मा बैंक लोन दिलाने का काम करता है। भरत कुमार रैकवार ब्लैंकिट मे डिलेवरी ब्यॉय का काम करता है। दोनों शराब पीने के आदी हैं। शौक पूरा करने एवं अय्यासी के लिए वह पार्किंग, भीड़भाड़ वाले मार्केट में ऑफिस का पता लगाकर खुले दरवाजे से अंदर घुस जाते हैं। वह वाहन स्वामी का पीछा कर चाबी रखने वाली जगह पर नजर रखते हैं। इसके बाद मौका देखकर वह गाड़ी चोरी कर फरार हो जाते हैं। अपनी शौक पूरा करने के लिए पिकनिक स्पॉट व आसपास के शहर में घूमते फिरते हैं। फिर सूने स्थान पर गाड़ी खड़ी छोड़कर भाग जाते हैं।

दुकान का शटर उठाकर 60 हजार के कपड़े चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अचारपुरा में एक कपड़े की दुकान का शटर उठाकर भीतर घुसे बदमाश करीब 60 हजार रुपए कीमत के रेडीमेड कपड़े चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक घनश्याम साहू परवलिया में रहते हैं और अचारपुरा में कपड़े की दुकान चलाते हैं। आसपास के गांव वाले उनकी दुकान से रेडीमेड कपड़े खरीदते हैं। शुक्रवार को घनश्याम दुकान में ताला लगाकर घर चले गए थे। शनिवार सुबह पहुंचे तो ताला लगा हुआ था, लेकिन शटर उठा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और रेडीमेड कपड़े गायब थे। चोरी गए कपड़ों की कीमत 60 हजार रुपए बताई गई है। इधर सूखी सेवनिया स्थित विदिशा रोड पर रहने वाले विजय शर्मा के घर का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब 40 हजार का घरेलू सामान चोरी कर ले गए। इसी प्रकार बैरसिया थानांतर्गत ग्राम बबचिया स्थित सहकारी समिति कार्यालय का ताला तोड़कर चोर एलईडी चोरी कर ले गए। चोरी गई एलईडी की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने राकेश कुमार विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

भोपाल। भोपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में सावन सोमवार पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

कट्टा-कारतूस के साथ निगरानी बदमाश गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ऐशबाग पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट में फरार निगरानी बदमाश को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके साथ पकड़े गए साथी से भी कट्टा और कारतूस मिला। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि प्रभात चौराहा स्थित बाइक शोरूम के पास नाले के किनारे दो संदिग्ध युवक खड़ें हैं। उनके पास अवैध हथियार हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम साजिल खान (25) निवासी मोहम्मदी मस्जिद के पास अशोका गार्डन और शोयब खान (22) निवासी अहमद अली कालोनी ऐशबाग बताए। तलाशी लेने पर दोनों के पास एक-एक देशी कट्टे और एक-एक कारतूस रखे मिले। पुलिस ने हथियार जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी साजिल ऐशबाग थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व से करीब 20 अपराध दर्ज हैं। वर्तमान में वह गिरफ्तारी वारंट में फरार चल रहा था।

नौ साल की मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित गोदरमऊ में रविवार शाम 9 साल की मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेसुध होने के कारण परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार शिव विश्कर्मा गोदरमऊ में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। कल रविवार शाम उनकी 9 साल की बेटी राधा वर्मा की अचानत तबीयत बिगड़ी थी। वे राधा को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां से हमीदिया ले जाने की सलाह दी गई। वे हमीदिया अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने चेक करने के बाद राधा को मृत घोषित कर दिया।

बुजुर्ग मां से मारपीट, बेटे पर प्रकरण दर्ज

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में जवान बेटे द्वारा 70 साल की बुजुर्ग मां से मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग महिला ने घटना की शिकायत खजूरी सड़क थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने शिकायत पर बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 70 साल की राजकुमारी वर्मा पति मोहन वर्मा गांव टीलाखेड़ी खजूरी सड़क इलाके में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनका बेटा विनोद आएदिन उनके साथ साथ मारपीट करता है और प्रताड़ित करता है। गत 8 अगस्त को भी बेटे द्वारा मारपीट की गई?थी। वह बेटे के खिलाफ शिकायत नहीं कराना चाहती थी, लेकिन आए दिन होने वाली प्रताड़ना और मारपीट से दुखी होकर उन्होंने पुलिस को शिकायत कर दी।

विदेशी फलों के नाम पर व्यापारी को साढ़े 82 लाख रुपए का चूना लगाया

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

निशातपुरा पुलिस ने भोपाल के फल कारोबारी की शिकायत पर नवी मुंबई के जालसाज पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कारोबारी का आरोप है कि मुंबई के जालसाज ने उनसे एक करोड़ चार लाख रुपए का माल बुलवाया। माल की डिलेवरी मुंबई कराने के बाद केवल 21 लाख 50 हजार रुपए ही जालसाज ने लौटाए। बाकि के रुपए देने पर आरोपी आनकानी कर रहा है। वे रुपए लेने मुंबई पहुंचे तो आरोपी ने उनसे मारपीट करते हुए भगा दिया।

21 लाख 50 हजार रुपए की नगदी लौटाई, साढ़े 82 लाख रुपए हड़पे, अमानत में खयानत का मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार जैनुल आफदीन पिता जाहिर हुसैन (54) जहांगीराबाद में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि महजर मंजूर उर्फ दानिश खान नवी मुंबई में रहता है। जैनुल और मजहर की मोबाइल पर बातचीत होती थी। एक ही समाज के होने के कारण आफदीन, मजहर पर विश्वास करने लगे। जैनुल आफदीन ने महजर को बताया था कि उनका फलों का कारोबार है। वे विदेशों से फल बुलाकर व्यापारियों को डिलेवरी देते हैं। मजहर ने कहा कि मुझे मुंबई फलों की डिलेवरी करा दो यहां अधिक लाभ होगा। महजर पर विश्वास करते हुए जैनुल आफदीन ने 1 करोड़ 4 लाख रुपए के फल महजर के बताए पते पर फरवरी में भेजे थे। बदले में महजर ने केवल 21 लाख 50 हजार रुपए ही दिए। बाकि की रुपए देने में वह आनाकानी करने लगा। जैनुल नवी मुंबई पहुंचे और मजहर से अपने रुपए लौटाने का कहा तो वह भड़क गया और मारपीट करते हुए उन्हें भगा दिया। इसके बाद जैनुल आफदीन ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुंबई जाएगी।

तनिष्क ज्वेलर्स से दो महिलाओं ने सोने की अंगूठी चुराई

भोपाल, दोपहर मेट्रो। एमपी नगर स्थित मॉल के तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम से दो अज्ञात महिलाओं ने सोने की अंगूठी चुरा ली। महिला अपनी कम वजनी अंगूठी शोरूम पर छोड़कर गई है। मिलान करने पर चोरी का पता चला। इसके बाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे में फुटेज के आधार पर महिला की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार विवेक झा मॉल स्थित तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में मैंनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब पौने 8 बजे उनके शोरूम पर दो महिलाएं पहुंची। उन्होंने जेंट्स अंगूठी दिखाने की बात कही। सेल्स गर्ल वैशाली ने उन्हें अंगूठी दिखाई। इस बीच एक महिला ने एक अंगूठी चुपके से रख ली। उसके स्थान पर अपनी कम वजन वाली सोने की अंगूठी रख दी। चोरी गई अंगूठी 15 ग्राम की थी। रात में ज्वैलरी शोरूम में जेवरात का मिलान किया गया तो एक अंगूठी कम मिली। इसके बाद मैनेजर ने सीसीटीवी कैमरे देखे। फुटेज में एक महिला अंगूठी चोरी करते हुए नजर आई है। इधर बजरिया थानांतर्गत चांदबड़ में रहने वाली गुड्डो प्रजापति के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर चांदी के जेवरात, बर्तन और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत पुलिस ने 15 हजार रुपए बताई है।

मेट्रो एंकर

रातीबड़ की घटना, कमरे में बंद कर कर्मचारियों ने की मारपीट

मटेरियल में सीमेंट कम होने का आरोप लगाते हुए क्वालिटी मैनेजर को बंधक बनाकर पीटा

भोपाल, दोपहर मेट्रो। रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गौरा में इंफ्राट्रेक सीमेंट-कांक्रीट प्लांट में क्वालिटी मैनेजर को बंधक बनाकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है। क्वालिटी मैनेजर ने एक दिन बाद रविवार को थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने उक्त मामले में ठेकेदार की तीन कर्मचारियों पर मारपीट और बंधक बनाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मूलतः दमोह निवासी 30 साल के आशीष अहिरवार गांव गौरा में सीमेंट कांक्रीट प्लांट में क्वालिटी मैनेजर हैं। वे प्लांट के पास ही कमरे में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पांच नंबर में तुलसी टावर बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। 23 मंजिला बिल्डिंग में मटेरियल की सप्लाई प्लांट से हो रही है। शनिवार सुबह प्लांट से तुंगल सिंह चौहान प्रता और एक अन्य युवक प्लांट पर पहुंचा और मटेरियल की क्वालिटी की शिकायत करने लगा। तीनों कहने लगे कि मटेरियल में सीमेंट की मात्रा कम है। सीमेंट कम होने से 23 मंजिला बिल्डिंग कमजोर बनेगी। आरोप लगाते हुए तीनों ने उसे प्लांट के पास ही एक कमरे में करीब पंद्रह मिनट तक बंधक बनाकर रखा और उससे मारपीट की। इसके बाद धमकाते हुए चले गए। आशीष ने घटना की जानकारी चूनाभट्टी स्थित कार्यालय में दी थी। वहां से इजाजत लेने के बाद रविवार को वह थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

क्वालिटी की जांच

आरोपी पक्ष का कहना है कि 23 मंजिल इमारत होने के कारण वह घटिया मटेरियल का इस्तेमाल नहीं कर सकते। लिहाजा उन्होंने मटेरियल का सैंपल जांच के लिए भेजा है। इसके विपरित क्वालिटी मैनेजर आशीष का कहना है कि प्लांट में टेस्टेड मटेरियल ही निकलता है। यदि मटेरियल में कुछ भी कमी होती है तो उसे प्लांट पर ही डंप कर दिया जाता है।


asianpaints
बजट में फिट.
शौक़ की नो लिमिट.

एशियन पेंट्स
ट्रैक्टर स्पार्क
इकोनॉमी इमल्शन
TRACTOR SPARC ECONOMY EMULSION

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022